हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2026
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि
24/04/2026
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# संपत्तिकर में बढ़ोत्तरी पर पनपा आक्रोश, कांग्रेस ने घेरा निगम दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में संपत्तिकर में हुई बढ़ोत्तरी को लेकर कांग्रेस द्वारा नगर निगम के सामने धरना प्रदर्शन करते संपत्तिकर में वृद्धि का विरोध किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नारेबाजी करते नगर निगम का घेराव किया गया।

नगर निगम द्वारा इस वर्ष संपत्तिकर में की गई वृद्धि को लेकर कांग्रेस ने नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन करते निगम कार्यालय का घेराव किया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और संपत्तिकर में कमी की मांग को लेकर अपना विरोध जताया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि विगत वर्षों की तुलना में इस वर्ष संपत्तिकर में अत्याधिक वृद्धि की गई है। जिससे मध्यम वर्गीय और आम नागरिकों को भुगतान करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। धरना प्रदर्शन को पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, हेमा देशमुख सहित शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार और अन्य कांग्रेस नेताओं द्वारा संबोधित किया। इस दौरान पार्षद हफीज खान, सतीश मसीह, धनेश पाटिला, श्रीकिशन खंडेलवाल, दिनेश शर्मा, रमेश राठौड़, डॉ. राकेश कुमार, झमन देवांगन, राकेश जोशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## परिसर में जमकर नारेबाजी, कर की दरों में कमी लाने की मांग

### सुधार के लिए सौंपा ज्ञापन

दर्शन के बाद सभी कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन स्थल से उठकर नगर निगम कार्यालय का घेराव करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने संपत्तिकर में वृद्धि और प्रथम, द्वितीय और तृतीय तल की इमारत के लिए एक बराबर कर लिए जाने का विरोध किया और आयुक्त की अनुपस्थिति में नगर निगम के कार्यपालन अभियंता एवं राजस्व अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।




### उग्र आंदोलन की चेतावनी

कांग्रेस द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में संपत्तिकर निर्धारण की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए गए। जिसमें शहर के मुख्य मार्गों और अंदरूनी बस्तियों के लिए एक जैसी दरें तय कर करने का विरोध किया गया। कांग्रेस ने अपने ज्ञापन में कहा कि घरों के खाली हिस्से, आंगन या खाली प्लॉट पर भी टैक्स लगाया जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है।

## कालाबाजारी रोकने शासन का फरमान, डिजिटल तरीके से होगा वितरण

# एग्रीस्टेट पंजीयन के बगैर किसानों को नहीं मिलेगी यूरिया और डीएपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खाद वितरण की व्यवस्था को पारदर्शी बनाने और कालाबाजारी रोकने के लिए शासन ने बड़ा कदम उठाते हुए फॉर्मर आईडी अनिवार्य कर दी गई है। यानी जिस किसान की फॉर्मर आईडी होगी, उसे ही समितियों से यूरिया समेत अन्य खाद मिल सकेगा। इस नई व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य सही किसानों तक सही मात्रा में खाद पहुंचना है, ताकि अनियमित वितरण और ब्लैक मार्केटिंग को रोका जा सके।

यह व्यवस्था 2026-27 के खरीफ सीजन से लागू होगी। गौरतलब है कि पिछले खरीफ सीजन के लिए एग्री स्टेक को अनिवार्य किया गया था। इसी तरह आगामी सीजन के लिए खाद वितरण में फॉर्मर आईडी को अनिवार्य किया गया है। अब यूरिया समेत दूसरी खाद खरीदने के लिए किसानों के पास फार्मर आईडी होना जरूरी है। इस नई व्यवस्था के तहत खाद वितरण प्रक्रिया को डिजिटल सिस्टम के जरिये पूरा किया जाएगा। इसमें किसान को उसकी जमीन और फसल के आधार पर तय मात्रा में खाद ही दी जाएगी। यानी खाद का वितरण किसान की जमीन और फसल के हिसाब से तय किया जाएगा। शासन के अनुसार इस व्यवस्था से किसानों को जरूरत के मुताबिक खाद मिलेगी और गलत इस्तेमाल पर असरदार रोक लगेगी।



### जिले में सवा लाख पंजीकृत किसान

आंकड़ों के अनुसार जिले में 1 लाख 15 हजार से ज्यादा पंजीकृत किसान हैं। विभाग की माने तो फॉर्मर आईडी पंजीकृत किसान की पहचान होगी। इससे किसानों को बैंक लोन, सब्सिडी और अन्य योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी तरीके से मिल सकेगा। इसके तहत पंजीयन कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। फॉर्मर आईडी बनाने के लिए आधार कार्ड, जमीन से जुड़े डॉक्यूमेंट, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर जैसे जरूरी दस्तावेज ले जाने होंगे।

### फार्मर आईडी अनिवार्य

किसानों को फॉर्मर आईडी बनाना शासन ने अनिवार्य कर दिया है। यह पंजीकृत किसान की पहचान होगी। जिससे उसे कृषि संबंधित योजनाओं में लाभ, सब्सिडी और लोन आसानी से मिल सकेगा।

टीकम ठाकुर, उप संचालक, कृषि

### रजिस्ट्रेशन नहीं तो योजनाओं से भी किसान होंगे वंचित

इस संबंध में सरकार ने स्पष्ट किया है कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं होगी, उन्हें न सिर्फ यूरिया और डीएपी मिलने में दिक्कत होगी, बल्कि कई सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पाएगा। जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ, बीज, कीटनाशक और कृषि यंत्रों पर सब्सिडी, सहकारी समितियां से खाद वितरण और सरकारी खरीद केंद्रों पर फसल की खरीद का लाभ भी किसान नहीं ले पाएंगे। इन सभी सुविधाओं के लिए अब फार्मर आईडी जरूरी कर दी गई है।

# लोकल लेट होने पर यात्रियों ने रोकी ट्रेन, छह पर एफआईआर

## आरपीएफ ने की बड़ी कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नागपुर मंडल के अंतर्गत मुसरा रेलवे स्टेशन पर पिछले दिनों ट्रेन परिचालन बाधित करने के मामले में आरपीएफ ने त्वरित कार्रवाई करते दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान डोंगरगढ़ निवासी अरूण चौबे और बोरतलाब निवासी अनिरुद्ध कुमार मिश्रा के रूप में हुई है।

रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना 10 अप्रैल 2026 की है, जब गाड़ी संख्या 68724 (गोंदिया–रायपुर लोकल) के देरी से चलने के विरोध में कुछ असामाजिक तत्वों ने मुसरा स्टेशन पर पटरी पर उतरकर रेल रोको प्रदर्शन किया था। इस अवैध गतिविधि के कारण न केवल रेल यातायात ठप हुआ, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा मंडराने लगा था। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।



### आरपीएफ की सख्त कार्रवाई

आरपीएफ डोंगरगढ़ के प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में इस मामले की जांच शुरू की गई। आरपीएफ ने अपराध क्रमांक 583/2026 दर्ज कर रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं (174(ए), 147, 146, 145 और 141) के तहत मामला पंजीबद्ध किया था।

### सीसीटीवी फुटेज से धरे गए आरोपी

जांच टीम ने स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज, फोटोग्राफ और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की गहनता से पड़ताल की। जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान संभव हो सकी। नोटिस जारी होने के बाद पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने ट्रेन के इंजन के सामने अनाधिकृत रूप से विरोध प्रदर्शन करने की बात स्वीकार कर ली है।

### शेष आरोपी की तलाश जारी

जांच में यह भी पाया गया कि उक्त दोनों व्यक्तियों ने अन्य कुछ अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर रेलवे ट्रैक पर अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर ट्रेन के इंजन के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया, जो कि रेलवे अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर प्रकरण में शामिल किया गया है। घटना में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान हेतु लगातार पतासाजी की जा रही है तथा शीघ्र ही उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

### मटकियों की मांग बढ़ी

**राजनांदगांव।** भीषण गर्मी के चलते लोगों के बीच ठंडे पानी के लिए मिट्टी के घड़ों की मांग बढ़ गई है। शहर के इमाम चौक से लेकर जयस्तंभ चौक तक मटकियों की दुकानें सजी हुई है। वहां से जमकर खरीदी की जा रही है। अक्ती पर्व के बाद मांग और बढ़ेगी।

### माएं एंगल




# आधी रात हाईवे के ढाबे में शराबखोरी 3 संचालकों पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपराध के रोकथाम व नियंत्रण तथा कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमनी पुलिस ने शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में तीन ढाबा संचालकों एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के मामले में सात लोगों पर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो के पर्यवेक्षण में अपराध के रोकथाम व नियंत्रण तथा कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान कार्रवाई के तहत 12 अप्रैल को रात्रि में होटल-ढाबा चेकिंग के दौरान ढाबा में शराब का सेवन करने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले शान ए पंजाब ढाबा अंजोरा के संचालक गुरूमेज सिंह 59 साल सेक्टर 6 भिलाई, केजीएन ढाबा देवादा के संचालक अमर तेजवानी 39 साल निवासी लालबाग, हमारा ढाबा देवादा के संचालक दीपक यादव 34 साल निवासी राजीव नगर के विरूद्ध धारा 36 (सी) छत्तीसगढ़ आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई। पृथक से प्रतिबंधित करने धारा 170 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।



### सोमनी पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन कर रहे आरोपी शेखर साहू 38 साल गया नगर दुर्ग, राहुल तामस्कर तामेरपारा दुर्ग, शशांक वाजपेयी 38 साल ब्राम्हणपारा दुर्ग, पारस सिन्हा 35 साल रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी, आशीष अग्रवाल 37 साल अनुपम नगर, प्रमोद साहू 32 साल उतई, सौरभ साहू 28 साल निवासी ममता नगर के विरूद्ध धारा 36 (च) छत्तीसगढ़ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार नामदेव, प्रधान आरक्षक भूपेंद्र कोंचे, हेमंत अनंत, डुलेश्वर साहू, आरक्षक सगनुराम, कालीचरण, दिनेश वर्मा, मनोज ठाकुर एवं थाना स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बोईरडीह में स्थापित होगा कंप्रेस्ड बायोगैस संयत्र

## विस अध्यक्ष डॉ. रमन की उपस्थिति में निगम के साथ एग्रीमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष की उपस्थिति में आज स्पीकर हाऊस रायपुर में सीबीजी संयंत्र की स्थापना के लिए नगर पालिक निगम राजनांदगांव, सीबीडीए एवं बीपीसीएल के मध्य त्रि-पक्षीय कंसेशन एग्रीमेंट (सीए) पर हस्ताक्षर किया गया। इस एग्रीमेंट के तहत नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत ग्राम बोईरडीह में बीपीसीएल द्वारा स्वयं के निवेश से सीबीजी संयंत्र की स्थापना की जाएगी।

नगर पालिक निगम राजनांदगांव में नगरीय ठोस अपशिष्ट से कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र स्थापना हेतु सीबीडीए, बीपीसीएल के साथ त्रिपक्षीय एमओयू निष्पादित किया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य में सतत योजना अंतर्गत नगरीय ठोस अपशिष्ट एवं अधिशेष बायोमास से जैव ईंधन जैसे कम्प्रेस्ड बायोगैस उत्पादन की संभावनाओं को देखते छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) द्वारा निरंतर प्रयास के फलस्वरूप भारत सरकार का उपक्रम भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) द्वारा नगर पालिक निगम राजनांदगांव में 100-150 टन प्रतिदिन नगरीय ठोस अपशिष्ट एवं बायोमास आधारित कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र की स्थापना की जाएगी।



### शीघ्र होगी स्थापना

इस संयंत्र में लगभग 100 करोड़ रुपए का निवेश शत-प्रतिशत बीपीसीएल द्वारा किया जाएगा। प्रत्यक्ष- अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 30 हजार मानव दिवस प्रतिवर्ष रोजगार सृजित होंगे। संयंत्र निर्माण के दौरान भीपैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र में पूर्ण क्षमता के उत्पादन एवं विक्रय होने पर प्रतिवर्ष लगभग राशि 1 करोड़ का जीएसटी प्राप्त होगा।

### 15 मीट्रिक टन जैव ईंधन का होगा उत्पादन

सीबीजी संयंत्र की स्थापना होने से नगर पालिक निगम राजनांदगांव जिले के आसपास के निकायों से लगभग 100-150 मीटरिक टन प्रतिदिन अधिशेष बायोमास एवं नगरीय ठोस अपशिष्ट के उपयोग से लगभग 12-15 मीट्रिक टन प्रतिदिन जैव ईंधन उत्पादन में किया जाएगा। राजनांदगांव जिले में सिटी गैस वितरण योजना के तहत बिछाये जा रहे प्राकृतिक गैस पाईप लाइन में सिटी गैस स्टेशन के माध्यम से सीबीजी का सम्मिश्रण किया जाएगा।

### सांसद और मेयर भी रहे उपस्थित

त्रिपक्षीय कंसेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर के दौरान सांसद संतोष पांडेय, महापौर मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, नगर पालिक निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, सीईओ सीबीडीए सुमित सरकार, कार्यपालिक निदेशक बीपीसीएल अनुराग सरावगी सहित सीबीडीए एवं बीपीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## अम्बेडकर जयंती पर आज जिलेभर में आयोजन

# बाइक रैली में गूंजे जय भीम के नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती से एक दिन पूर्व 13 अप्रैल को शहर में भव्य मोटर साइकिल रैली निकाली गई । जिसमें बड़ी संख्या में समाज के अनुयायी जय भीम का नारा लगाते हुए शामिल हुए।

बाबा साहब अंबेडकर की जयंती राजनांदगांव शहर में धूमधाम से मनाई जा रही है। इस दौरान विभिन्न धार्मिक और देशभक्ति आयोजन किए जा रहे हैं। इस दौरन समाज के बहुल्यता वाले वार्डों में आकर्षक साज-सज्जा की गई है। वहीं शहर के अंबेडकर चौक और भरकापारा स्थित अशोक स्तंभ चौक में झांकी बनाई गई है। अंबेडकर जयंती से एक दिन पूर्व शहर के अंबेडकर चौक से भव्य मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली शहर के मोतीपुर, शांतिनगर, चिखली, लखोली होते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए सिविल लाइन स्थित अंबेडकर संस्कृतिक मंगल भवन पहुंचकर संपन्न हुई।



### रैली का कई जगह स्वागत

अंबेडकर जयंती से पूर्व शहर में निकली इस रैली का जगह-जगह स्वागत किया गया। वहीं इस रैली में सैकड़ों की संख्या में समाज के अनुयायी नीला ध्वज लेकर शामिल हुए। इस दौरान शहर की सड़कें जय भीम, जय संविधान के नारों से गूंजती रही। रैली के दौरान भीम गीतों में समाज के लोग झूमते रहे।

### शहर के 22 वार्डों से निकलेगी झांकी

अंबेडकर जयंती के आयोजन को लेकर समाज के लोगों ने बताया कि बाबा साहब अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को भी विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे। इस दिन शहर के 22 वार्ड से 22 झांकियां रैली के रूप में निकाली जाएगी। समाज द्वारा अंबेडकर जयंती को भव्य रूप से मनाने के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। शहर के विभिन्न जगहों पर स्थित अंबेडकर मंगल भवनों को सजाया गया है। वहीं अंबेडकर जयंती पर कलेक्टोरेट कार्यालय स्थित बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित करते पूजा-अर्चना की जाएगी।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
• सिर दर्द (माईग्रेन)
• मिर्गी
• लकवा
• ब्रेन ट्यूमर
• ब्रेन हेमरेज
• साइटिका (कमर दर्द)
हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD, DM Cardiologist
• एंजियोग्राफी
• एंजियोप्लास्टी
• पेसमेकर
24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

समदा
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
दंत रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
डॉ. दीपिका जैन
बी.डी.एस., एम.डी.एस. (आर्थोडॉंटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)
एफ.सी.सी.डी. (मुंबई)
प्रतिदिन उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
टेढ़े-मेढ़े एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल/सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
लेजर/दांत के रंग की फिलिंग
क्लीयर अलाईनर
दांत निकालना
अक्ल दाढ़ निकालना
फ्रेक्चर जबड़े का ईलाज
मुंह कम खुलने का उपचार
इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
सभी प्रकार के मुंह के कैंसर एवं छाले का उपचार
बत्तीसी (फिक्सड/निकालने एवं लगाने वाली)
पायरिया, दांतों की सफाई एवं मसूड़ों की सर्जरी
• डिजिटल एक्स-रे
• डेंटल लेज़र, डेंटल इम्प्लांट
• एडवांस्ड डेंटल ऑपरेशन थिएटर
• फेशियल ट्रामा केयर
अपॉईंटमेंट : 07744-356654, 94255-29769
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### विधायक मिले पूर्व मुख्यमंत्री से



**छुरिया।** विधायक भोलाराम साहू के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र के विकास एवं जनहित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। मुलाकात के दौरान विधायक साहू ने क्षेत्र में चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी देते हुए आवश्यक सहयोग का आग्रह किया। श्री बघेल ने सकारात्मक सहयोग का आश्वासन देते हुए क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव मदद करने की बात कही। इस अवसर पर रितेश मेश्राम, लक्ष्मी कोसरे, ललित कोसारे आदि उपस्थित थे।

### राशि के दुरुपयोग की शिकायत

**डोंगरगढ़।** शासकीय अस्पताल में लगातार लापरवाही सामने आ रही है। यहां अनियमितता बरतने के अलावा राशि के दुरूपयोग के आरोप सामने आ रहे हैं। एक अधिकारी के एक रिश्तेदार द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन किया जा रहा है जबकि वह अन्य विभाग में कार्यरत हैं। विभाग के कर्मचारियों को मूल कार्य से अलग कर अनुभवहीन लोगो से कार्य कराया जा रहा है।

### डायल 108 सेवा में देरी से परेशानी

**डोंगरगढ़।** डायल 108 सुविधा मरीजों को मिलने वाली इमरजेंसी सेवा में से एक है। परंतु विडम्बना है कि टोल फ्री नम्बर में काल करने पर संबंधित गाड़ी का लोकेशन बिजी होने का हवाला दिया जाता है।जानकारी के अनुसार बीती रात रंगकटेरा में एक्सीडेंट हुआ था जिसे डायल 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उसे मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया, किन्तु रात 12 बजे से 3.30 बजे तक डायल 108 की गाड़ी अस्पताल नहीं पहुंची, जिसके बाद मरीज के कुछ परिचितों ने पुराने अस्पताल पहुंचकर चालक और स्टाफ की बात की तब सुबह 4 बजे डायल 108 वाहन मरीज को मेडिकल कॉलेज ले गई।

### योग शिविर का समापन आज



**डोंगरगढ़।** योग साधकों ने कल 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर मां बमलेश्वरी योग समिति के सौजन्य में नीचे मंदिर योगा हाल में सुबह 10.30 बजे कार्यक्रम आयोजित किया है। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी के आतिथ्य में 25 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन होगा। इस मौके पर हरिद्वार से प्रशिक्षित होकर आए हुए योग शिक्षक को प्रमाण पत्र वितरित किया जाएगा। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय योग प्रदर्शन में भाग लेने वाले बच्चों का योग प्रदर्शन होगा। आयोजकों ने समस्त योग साधक साधिकाओं को समारोह में शामिल होने की अपील की है।

### अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र अब तक नहीं खुला

**सोमनी।** युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मुकेश निर्मलकर ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि ग्राम पंचायत ठाकुरटोला सोमनी सहित आसपास ग्रामों की जनसंख्या लगभग 50 हजार की संख्या में नागरिक निवास कर रहे हैं।



वर्तमान में बैंकों, राज्य एवं केन्द्र छात्रवृत्ति सहित विभिन्न प्रकार के योजनाओं से मिलने वाले लाभ सीधे खाते में आते हैं, लेकिन शासन के नियमानुसार सभी योजनाओं व बैंकों में प्रत्येक 6 माह में केवाईसी नागरिकों को कराना अनिवार्य होता है। श्री निर्मलकर ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार जनता को योजनाओं का लाभ न देकर डिजिटल प्रक्रिया में उलझाकर रख रही है। नतीजा यह हो रहा है कि जनता को योजनाओं का पूर्ण लाभ नहीं मिल रहा है। विदित हो कि छात्रवृत्ति कार्य भी आधार आधारित भुगतान होने के कारण विद्यार्थियों को आधार सीडिंग आदि कार्य भी कराना जरूरी हो गया है। बच्चे छोटे होने के कारण दूरस्थ शहर में जाकर उक्त कार्य कराने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। हमेशा दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता हैं। आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, नक्शा, खसरा सहित छग शासन के विभिन्न योजनाओं से जुड़ने पंजीयन कराने हेतु डिजिटल सुविधा केन्द्र की आवश्यकता पड़ती है। श्री निर्मलकर ने बताया कि भाजपा के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पंचायती राज दिवस के अवसर पर 24 अप्रैल 2025 को अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र पूरे प्रदेश के 1460 ग्राम पंचायतों में खोलने की घोषणा की थी, परन्तु 1 वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक साय सरकार की घोषणा मूर्तरूप नहीं ले पाया है।

## दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण का आयोजन

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर खुंटा छुरिया में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में भाजपा के बूथ अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी तथा मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। शिविर के प्रथम सत्र में महापौर मधूसुदन यादव ने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती एवं जनसंपर्क के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। द्वितीय सत्र में खूबचंद पारख ने पार्टी की कार्यप्रणाली एवं अनुशासन पर प्रकाश डाला। तृतीय सत्र में सोशल मीडिया प्रभारी ने डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग एवं पार्टी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति बताई। चतुर्थ सत्र में जिला महामंत्री सौरभ कोठारी ने संगठन विस्तार एवं कार्यकर्ताओं की भूमिका पर चर्चा की।

सांसद संतोष पांडेय ने केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा



### नक्सलवाद से मुक्ति

सांसद पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद लंबे समय से एक बड़ी समस्या रही है, लेकिन केंद्र सरकार एवं गृह मंत्रालय द्वारा इसे समाप्त करने के लिए ठोस कदम उठाए। उन्होंने बताया कि नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षा बलों को तैनात कर लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि नक्सलवाद से मुक्ति के बाद क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, शुद्ध पेयजल एवं समग्र ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी जाएगी।

### कार्यकर्ताओं में उत्साह

शिविर में उपस्थित कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। इस दौरान अमर लालवनी, जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, नपं अध्यक्ष अजय पटेल, जगजीतसिंह भाटिया, रोमी भाटिया, मंडल अध्यक्ष कांता साहू, शेखर भारद्वाज, अशोक मरकाम, गीता साहू, सुरेन्द्रसिंह भाटिया, घासी साहू, राधेश्याम शर्मा, टीकम प्रसाद पांडेय, बेला साहू, मायाराम साहू, सोहन साहू, आबिद मेमन, धन्ना यादव, शिशुपाल साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# पालिका की लापरवाही से लोग हो रहे परेशान

- राशि का नहीं हो रहा सही उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पालिका में सुविधाओं की अनदेखी और फर्जीवाड़ा थमने का नाम नहीं ले रही है। शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। जरूरत के बाद भी नालियों में दवाई छिडकाव नहीं किया जा रहा है। गर्मी के साथ शहर में पानी की किल्लत बढ़ने लगी है। जल संकट के समाधान के लिए बोर करवाकर हैडपंप लगवाये गए हैं वहीं कुछ जगह पर पानी टंकी लगाया गया है। तमाम कवायद के बाद भी जनता को इसका कितना फायदा मिल रहा है यह देखने वाला कोई नहीं है। जानकारी के अनुसार बोरिंग में लगाए गए पाईप एवं अन्य सामग्री के मापदंड के विपरीत है। वही जो टंकी लगाई गई है उसका 40 से 50 हजार की दर भुगतान किया गया है जबकि उसकी कीमत 25 से 30 हजार है।

### बोर से नेताओं को लाभ

जानकारी के अनुसार सरकारी राशि खर्च कर कुछ नेताओ को फायदा दिलाने बोर उत्खनन किया गया है। बोर से नेताओं के घरों में कनेक्शन दिया गया है ताकि हमेशा पानी मिलता रहे। जानकारी के अनुसार कई बोरिंग के पंप में खराबी के कारण जलसंकट गहरा रहा है। पालिका बीते सालों में कराए गए बोर के संसाधरण की ओर ध्यान नहीं दे रही है। शहर के जनप्रतिनिधियों द्वारा शहर के लोगों को पर्याप्त पानी मुहैया कराने का दावा किया जा रहा है किन्तु सच्चाई ठीक विपरीत है।

# चरमराई यातायात व्यवस्था

**डोंगरगढ़।** शहर के विभिन्न मार्ग पर हो रहे अतिक्रमण और घरो के सामने खड़े वाहन यातायात व्यवस्था को बाधित कर रहे है। शाम को ठेला खोमचा और कई फुटकर व्यापारियों सहित सब्जी की दुकान सडक पर लगाने के कारण भी आवाजाही में लोगों को दिक्कत हो रही है।गोल बाजार में कई ऐसे दुकानदार है जिन्होंने दुकान से बाहर 10 फीट तक सामान फैला लेते है। वहीं ग्राहको के वाहन खडे होने से जाम की स्थिति बन जाती है। ठेले खोमचे के कारण यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है। वर्तमान में गोलबजार में महिलाओं का जाना मुश्किल हो गया है। सड़क पर जाम लगने के बाद गाली गलौच और विवाद के हालात बन जाते है। इसी प्रकार जय स्तंभ चौक, अग्रसेन भवन से गोलबजार चौक, पुरानी सब्जी मंडी, हाई स्कूल रोड, भगत सिंग चौक, गोल बाजार, जैन मंदिर मार्ग पर शाम 4 बजे से 7 बजे तक अव्यवस्था फैल जाती है।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना कालोनियों में पहुंची प्रशासन की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं में लाभकारी योजना प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का क्रियान्वयन शहर में किए जाने तथा घरेलू बिजली बिलों में कटौती करने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि योजना का लाभ उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक मिल सके। इसी तारतम्य में कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर प्रशासन की टीम द्वारा निगम सीमाक्षेत्र के कालोनियों में जाकर कालोनिवासियों से ऊर्जा उपभोक्ता से ऊर्जादाता बनने प्रेरित किया जा रहा है।

कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में नगर निगम एवं विद्युत मंडल के अधिकारी कालोनियों में जाकर प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना का लाभ देने व्यापक प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। इस सप्ताह नेहरू नगर, अभिनंदन ग्लेक्सी, जीवन कालोनी आशानगर, रिद्धी-सिद्धी कालोनी एवं साहू अपार्टमेंट में प्रशासन की टीम जाकर सौर ऊर्जा का लाभ लेने जानकारी देकर प्रेरित किए।

### योजना की दी जानकारी

विद्युत मंडल के अधीक्षण अभियंता एस. कवर, कार्यपालन अभियंता कौशलेन्द्र पाण्डे, नगर निगम के कार्यपालन अभियंता (संविदा) यूके रामटेके ने संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में अलग-अलग दिन जाकर कालोनिवासियों को जानकारी दी कि योजना अंतर्गत अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने की यह पहल बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में कारगर साबित हो रही है। योजनांतर्गत 30 हजार रुपए से 78 हजार रुपए तक की सब्सिडी प्रति प्लांट दिए जाने का शासन द्वारा प्रावधान है एवं बैक से ऋण लेने की सुविधा भी उपलब्ध है। घर की बिजली की खपत के अनुसार सोलर पैनल लगाना है। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य ऊर्जा उपभोक्ता से ऊर्जादाता बनाने की दिशा में घरेलू बिजली बिल में कटौती करने तथा परंपरागत ऊर्जा के स्त्रोत की निर्भरिता को कम करने सौर ऊर्जा के माध्यम से अपनी बिजली स्वयं उत्पन्न करने सशक्त बनाना है। इसमें अतिरिक्त बिजली को बेच कर आय कमाने का अवसर भी प्राप्त होगा।

# कोसरिया यादव समाज युवा प्रकोष्ठ का गठन, मंथीर बने नए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

कोसरिया यादव समाज गंडई सर्किल की बैठक ग्राम पत्थरा में संपन्न हुई०। बैठक में युवा प्रकोष्ठ और समाज के विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं। वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर पदभार ग्रहण कराया गया। इस दौरान सर्किल अध्यक्ष श्रीराम यादव, अध्यक्ष गजराज यादव, उपाध्यक्ष बालकिशन यादव, सचिव राकेश यादव, सह सचिव खेम यादव और महामंत्री ईश्वरी यादव, थान्नू यादव, सुखराम यादव, बनवारी यादव, शिलउ यादव, मनबोध यादव, झुरहु यादव, शमलू यादव, देवकुमार यादव और कृष्ण यादव सहित अन्य उपस्थित थे।



### युवाओं को सौंपी गई जिम्मेदारी

युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए युवा प्रकोष्ठ कोसरिया यादव समाज गंडई सर्किल की घोषणा की गई। कार्यकारिणी में अध्यक्ष मंथीर यादव, उपाध्यक्ष नोकेश यादव, सचिव मनोज यादव, सह सचिव हेमलाल यादव, कोषाध्यक्ष विष्णु यादव, महामंत्री मिनेश यादव, संगठन मंत्री रवि यादव, प्रवक्ता लखनु यादव, संयोजक रमेश यादव, मीडिया प्रभारी गौतम यादव, सलाहकार नीरज यादव को बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य दुवासु यादव, उदल यादव, उत्तम यादव, मिथलेश यादव और राजेश यादव हैं।

# उन्नत कृषकों का दल रायसेन के लिए रवाना

- उन्नत कृषि की लेंगे जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय कृषि मेला का आयोजन 13 अप्रैल को मध्यप्रदेश के रायसेन में किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय कृषि मेला में सम्मिलित होने कृषक भ्रमण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले से चयनित 30 उन्नत किसानों के दल को रायसेन मध्यप्रदेश के लिए रवाना किया गया।




कृषकों को नवाचार, नवीन तकनीक एवं उन्नत खेती की जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से पूरी तैयारी एवं आवश्यक सुविधाओं के साथ भेजा गया है। जिससे वे आधुनिक कृषि पद्धतियों को सीखकर अपने क्षेत्र में लागू कर सकें।

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगांव के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने कृषकों को राष्ट्रीय कृषि मेला में सहभागिता हेतु शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रभारी डॉ. योगेंद्र श्रीवास, कार्यक्रम सहायक पौध रोग जितेंद्र मेश्राम तथा प्रक्षेत्र प्रबंधक आशीष गौरव शुक्ला एवं यशवंत वैष्णव उपस्थित रहे।

# संविधान ही सामाजिक न्याय का आधार : वर्मा




- कॉलेज में विचार गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

स्थानीय महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग ने सोमवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व अवसर पर विभागीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष टीएल वर्मा ने दलित समाज को सशक्त बनाने में संविधान की भूमिका विषय पर सारगर्भित विचार रखे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब द्वारा रचित संविधान में निहित मूल अधिकार ही वह शक्ति हैं, जो समाज के अंतिम व्यक्ति को समानता और न्याय की गारंटी देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी।

### शिक्षा से सुदृढ़ होगा सामाजिक न्याय

प्राचार्य डॉ. एन. एस. वर्मा ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने सामाजिक न्याय की भावना को सुदृढ़ करने के लिए शिक्षा के व्यापक प्रसार पर बल दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का शिक्षित बनो का नारा आज भी प्रासंगिक है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न ज्वलंत विषयों पर विचार किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक अपने विचार रखे। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ समापन हुआ।

## रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी में टैलेंट सर्च रात्रिकालीन टूर्नामेंट

# घरेलू महिलाएं भी खेल रहीं हैं क्रिकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर की रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी फेस-1 में क्रिकेट और बैडमिंटन जैसी खेल विधा में अच्छे खिलाड़ियों की तलाश के लिए रात्रिकालीन साप्ताहिक टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। कालोनीवासियों के आपसी सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता में बच्चे, बूढ़े, जवान, महिला व पुरुष सभी एक साथ क्रिकेट और बैडमिंटन खेल रहे हैं। इसमें घरेलू महिलाएं भी पुरूषों की टीम में शामिल होकर क्रिकेट और बैडमिंटन खेलकर अपनी प्रतिभा दिखा रही है। 10 अप्रैल से शुरू हुआ यह टूर्नामेंट एक सप्ताह तक चलेगा।

इस टूर्नामेंट के आयोजन में कॉलोनीवासी हेमराज, मेघराज देवांगन, मयंक गुप्ता, गोल्डी भदौरिय, मुकेश राठी, राजेश राठी, दीपेश पांडेय, कप्तान मिश्रा, जयंत पिल्लै, मुकेश कोडवानी, तरूण चिचेरिया, देवेंद्र, प्रदीप मिश्रा, विद्या भूषण हिरवानी, योगेश शर्मा और बलबीर साहू ने विशेष रूप से आर्थिक सहयोग किया।



### प्रतिभा को प्रोत्साहन

कॉलोनी के अध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि कॉलोनी में बहुत सारी खेल प्रतिभाएं हैं। जिनमें बच्चे और घरेलू महिलाएं भी शामिल हैं, जिन्हें खेलने का अवसर नहीं मिलता है, इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर यह टूर्नामेंट आयोजित है। इसमें प्रत्येक उम्र की महिला, पुरूष और बच्चे एक साथ खेलते हैं। इस खेल में विशेषकर बच्चों और महिलाओं की प्रतिभा तलाशी जा रही है। प्रत्येक विधा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों सहित कॉमेंटेटर, व्यवस्थापक और सहयोगियों को कॉलोनी द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# प्रतिमा स्थल की सफाई



**डोंगरगढ़।** दलितों के मसीहा बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती को लेकर बौद्ध समाज के अलावा राजनीतिक दलो के जनप्रतिनिधीयों ने विशेष तैयारी की है। शहर के सभी वार्डो सहित पंचायत स्तर पर बाबा साहेब की जयंती मनाया जाएगा। तहसील कार्यलय स्थित बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष होने वाले कार्यक्रम को ध्यान में रख कर भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने साफ सफाई किया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मरीजों को मिल रही बेहतर सुविधाएं

**राजनांदगांव।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि जिला चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को गुणवत्तायुक्त भोजन प्रदान किया जा रहा है। पूर्व में मरीजों के भोजन को लेकर शिकायतें मिलने पर पुरानी अनुबंधित संस्था का अनुबंध समाप्त कर नई संस्था को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन प्रदान करने हेतु नियुक्त किया गया है। अस्पताल परिसर के ओपीडी और अन्य कक्षों में लगे पंखे, कूलर, लाइट एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की समय-समय पर आवश्यक मरम्मत की जा रही है। साथ ही मौजूदा दंत चिकित्सक के प्रसूति अवकाश पर जाने पर वैकल्पिक दंत चिकित्सक की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### आवेदन का किया गया त्वरित निराकरण



**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया जा रहा है, ताकि आवेदकों को समयबद्ध तरीके से राहत मिल सके। इसी कड़ी में राजनांदगांव शहर के बजरंगपुर-नवागांव वार्ड क्रमांक 1 निवासी पूजा चुनाकर ने जनदर्शन में स्वरोजगार प्रारंभ करने के लिए ऋण उपलब्ध कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया था। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदन पर संज्ञान लेते त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आवेदन की जांच कर पात्रता के आधार पर छत्तीसगढ़ महिला कोष योजना के तहत शीघ्र ऋण स्वीकृत किया गया। योजना के अंतर्गत स्वसहायता समूहों एवं जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है। योजना के तहत विभागीय अमले द्वारा आवेदन का परीक्षण कर निर्धारित मापदंडों के अनुरूप स्वरोजगार प्रारंभ करने हितग्राही पूजा चुनाकर के खाते में 1 लाख 20 हजार रुपए ऋण की राशि उपलब्ध कराई गई। प्राप्त राशि से पूजा चुनाकर ने फैशन जोन के नाम से कपड़ा दुकान की शुरूआत कर स्वरोजगार की दिशा में एक सशक्त कदम बढ़ाया है। श्रीमती पूजा चुनाकर दिव्यांग श्रेणी से संबंधित है। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं आत्मनिर्भर बनने का संकल्प उन्हें समाज में एक नई पहचान दिला रहा है। उनका यह प्रयास अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन रहा है। पूजा चुनाकर ने जिला प्रशासन द्वारा प्रदान की गई सहायता के लिए आभार व्यक्त किया है।

### अभद्र व्यवहार और धन के गबन का आरोप

# खैरागढ़ में खाद-केसीसी घोटाले का आरोप, सैकड़ों किसान पहुंचे कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सेवा सहकारी समिति डोकरा भाठा से जुड़े आठ गांवों के लगभग 200 किसान सोमवार को अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे। किसानों ने समिति के कर्मचारियों पर अभद्र व्यवहार और धन के गबन का आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि उन्हें न तो पर्याप्त मात्रा में खाद मिला है और न ही केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) के तहत ऋण का सही लाभ मिला, इसके बावजूद उनके खातों में भारी कर्ज दर्ज कर दिया गया है। किसानों ने बताया कि खाद के लिए परमिट तो जारी कर दिया गया, लेकिन वास्तविक रूप से उन्हें खाद उपलब्ध नहीं कराया गया, जिससे उन्हें गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष देवराज किशोर दास वैष्णव के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपर कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर से मुलाकात की और त्वरित कार्रवाई की मांग की। अपर कलेक्टर ने मामले की जांच कर दो दिनों के भीतर समाधान का आश्वासन दिया है।



#### 25 हजार से 1 लाख तक कर्ज दिखाने का आरोप

किसानों ने बताया कि वे समिति में खाद-बीज और केसीसी ऋण के तहत लेन-देन करते हैं। जब वे बकाया राशि जमा करने समिति पहुंचे, तो उनके खातों में 25 हजार से लेकर 1 लाख रुपये तक का कर्ज दर्शाया गया। किसानों का कहना है कि उन्होंने इतनी मात्रा में खाद लिया ही नहीं है, जितना उनके खाते में दर्ज किया गया है। वे जितनी वास्तविक राशि थी, उतनी लेकर कर्ज चुकाने पहुंचे थे, लेकिन कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा ऑनलाइन रिकॉर्ड का हवाला देकर अधिक राशि जमा करने के लिए कहा गया।

#### एफआईआर दर्ज करने की मांग

जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास वैष्णव ने इस मामले में संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि बिना उनकी अनुमति के खाद का परमिट जारी करना और केसीसी ऋण दर्शाना समझ से परे है। अब सभी की नजर प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई है कि आश्वासन के बाद इस मामले में क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं।

#### फर्जी तरीके से खाद परमिट जारी करने का आरोप

किसानों ने आरोप लगाया कि समिति द्वारा फर्जी तरीके से उनके नाम पर खाद के परमिट जारी किए गए, जबकि उन्हें वास्तविक रूप से खाद नहीं मिला। किसानों ने समिति प्रबंधक मिश्रा और कंप्यूटर ऑपरेटर जगमोहन जोशी पर गंभीर फर्जीवाड़े का आरोप लगाया है। हालांकि, प्रबंधक मिश्रा वर्तमान में निलंबित बताए जा रहे हैं, लेकिन किसानों का कहना है कि इस पूरे मामले में कंप्यूटर ऑपरेटर की भूमिका प्रमुख है।

# बीजाभाठा में हर घर जल का सपना बना हकीकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासन के जल जीवन मिशन अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बीजाभाठा में हर घर जल का सपना अब हकीकत बन गया है। ग्राम बीजाभाठा के ग्रामीण कभी पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे थे। गर्मी के दिनों में हैंडपंप और कुएं सूखने से स्थिति और भी विकट हो जाती थी और पानी के लिए लंबी कतारें लगती थी। शासन द्वारा इन कठिन परिस्थितियों को देखते जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम बीजाभाठा में हर घर जल योजना के तहत गांव में सुनियोजित तरीके से पाईप लाइन बिछाने, पानी टंकी (ओवरहेड टैंक) निर्माण कराया एवं प्रत्येक घर तक नल कनेक्शन उपलब्ध कराने का कार्य प्रारंभ किया गया। इस पूरे कार्य में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, जल एवं स्वच्छता समिति, तकनीकी टीम एवं ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।

#### जागरूकता बढ़ी

गांव में स्वच्छता का स्तर भी बेहतर हुआ है और ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है। इसके अलावा ग्राम में जल संरक्षण एवं जल के उचित उपयोग के लिए भी जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए ग्रामीणों को पानी की बचत, वर्षा जल संचयन और पाईप लाइन की देखरेख के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ग्राम बीजाभाठा हर घर जल योजना की सफलता का एक प्रेरणादायक उदाहरण है। किस तरह से शासन की योजनाएं जनभागीदारी के साथ लागू होने से लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाती है।

#### जीवन में सकारात्मक परिवर्तन

ग्रामीणों ने योजना के महत्व को समझा और इसके सफल क्रियान्वयन में सहयोग दिया। नियमित मॉनिटरिंग, गुणवत्ता जांच एवं समय-समय पर बैठक आयोजित कर कार्य की प्रगति सुनिश्चित की गई। जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायत बीजाभाठा में हर घर में नल के माध्यम से स्वच्छ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। यह बदलाव ग्रामीणों के जीवन में एक बड़ा सकारात्मक परिवर्तन लेकर आया है। अब ग्रामीण महिलाओं को पानी लाने लाइन नहीं लगाना पड़ता। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और इस समय का उपयोग अन्य घरेलू कार्यों और आत्मनिर्भर गतिविधियों में कर रही है। इस योजना का प्रभाव केवल पेयजल सुविधा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी इसका सकारात्मक असर पड़ा है। स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता से जलजनित बीमारियों में कमी आई है।

# मेधावी विद्यार्थियों के अभिभावकों का सम्मान समारोह आयोजित



**राजनांदगांव।** नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री में उन अभिभावकों के सम्मान में छात्रों के उत्कृष्ठ परिणाम को सराहते ''माता-पिता सम्मान समारोह'' का आयोजन किया गया। जिनके बच्चों ने वर्ष 2025-26 के शाला परिणाम में 90 एवं 100 प्रतिशत से अधिक अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

यह समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान शाला के चेयरमैन संतोष अग्रवाल, एमडी कमलेश उभरानी, निदेशक अर्काटकर एवं प्राचार्य भारती गौते की उपस्थिति रही। इस अवसर पर अतिथियों ने अभिभावकों को सम्मान-पत्र प्रदान कर उनके सहयोग, समर्पण एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथियों ने कहा कि "बच्चों की सफलता में अभिभावकों का मार्गदर्शन और संस्कार सबसे बड़ी ताकत होते हैं।"समारोह के दौरान अभिभावकों एवं शिक्षकों में हर्ष एवं गर्व का माहौल देखने को मिला। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के संयुक्त प्रयास की सराहना करते भविष्य में भी ऐसे उत्कृष्ट परिणाम की कामना की।

# चिखली में बनेगा साहू समाज का सामुदायिक भवन



■ समाज में हर्ष का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्ड नं. 5 चिखली मंगल भवन के पास साहू समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने पूर्व महापौर हेमा देशमुख व सुदेश देशमुख, नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह समेत सुनील साहू, सावन वर्मा, संदीप बघेल, शिव वर्मा, श्रुति लोकेश जैन, मनोहर यादव, शरद सिन्हा, भागवत साहू तथा सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर विधिवत भूमिपूजन किया।पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने भी सामाजिक भवन निर्माण के लिए बधाई देते समाज को एकजुट होकर समाज हित में कार्य करने की अपील की। भूमिपूजन के पूर्व समाज के पदाधिकारियों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर समाज के संरक्षक मोतीलाल साहू, पूर्व अध्यक्ष कुलेश्वर दास साहू, नगर अध्यक्ष राजेश साहू, उपाध्यक्ष नीरा साहू सहित साहू समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

#### भवन के लिए किया गया भूमिपूजन

इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि साहू समाज की मांग पर अधोसंरचना पर्यावरण उपकर निधि मद अंतर्गत 10 लाख रुपए की शासन से स्वीकृति मिली। जिससे सामाजिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार विभिन्न समाज के लिए समय-समय पर भवन निर्माण एवं अन्य कार्य के लिए राशि स्वीकृत करती है। स्वीकृति अनुसार भवन निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज चिखली में आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती कार्यक्रम पर साहू समाज के भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। साहू समाज भी बहुत आगे बढ़ गया है। समाज के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ लोग समाज के निम्न वर्ग के व्यक्ति की चिंता कर उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य करें, तभी समाज की सार्थकता है।

# तिलईरवार का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार का स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम 2026 (कक्षा 9वीं व 11वीं) घोषित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएमडीसी के अध्यक्ष मोरध्वज चंद्रवंशी व अध्यक्षता प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर, विशिष्ट अतिथि रेशमलाल पटेल, प्रकाश सूर्यवंशी एवं समस्त स्टॉफ सदस्यों की उपस्थिति रही।

कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 57 प्रतिशत रहा। कुल दर्ज संख्या 88 में 50 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जिसमें टामेश्वरी 91 प्रतिशत प्रथम, पविता 86 प्रतिशत द्वितीय, डुमेश्वरी 85 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 11वीं में कुल दर्ज 60 में से 48 विद्यार्थी उत्तीर्ण कुल 80 प्रतिशत रिजल्ट रहा। जिसमें योगिता 72 प्रतिशत (गणित) प्रथम, झामेश्वरी 71 प्रतिशत (कला) द्वितीय, दुलेश्वरी (गणित) 70 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया। संबोधन की कड़ी में रेशमलाल पटेल, मोरध्वज चंद्रवंशी, थंगेश्वर कुमार साहू एवं प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी पूरक एवं अनुत्तीर्ण हुए हैं, उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। उन्हें दोबारा अवसर परीक्षा के रूप में मौका मिलेगा। जिसमें अच्छी तैयारी कर उत्तीर्ण हो सकते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के विभिन्न गतिविधियों जैसे कैरियर गाइडेंस, इको क्लब, वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण, जागरूकता रैली, अतिरिक्त कक्षा, नवाचारी शिक्षा, पालक संपर्क आदि गतिविधियों को प्रमुखता से संचालित करने वाले राज्यपाल पुरस्कार 2026 हेतु चयनित व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू का सम्मान एसएमडीसी के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर कुमार साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर , थंगेश्वर कुमार साहू, अनुराधा ढोक, सरोज भुआर्य, रेखा मुरकुटे, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश कुमार नेताम, जितेंद्र कुमार कश्यप, नोहरदास लिलहारे, पालकराम वर्मा, हरिचंद यादव, रिचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर आदि की उपस्थिति रही।

# भारतीय सब जूनियर बालक हॉकी टीम में ओम और अवि का चयन




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के ओम यादव राजनांदगांव और अवि मानिकपुरी बिलासपुर का चयन भारतीय सब जूनियर बालक प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया है। चयनित टीम आगामी 29 मई से 6 जून तक जापान में आयोजित होने वाली अंडर-18 एशिया कप में भाग लेगी। जिसका प्रशिक्षण शिविर भोपाल में आगामी 19 अप्रैल से 25 मई तक आयोजित किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि यह छत्तीसगढ़ हॉकी के लिए गर्व का क्षण है। भारतीय सब जूनियर बालक हॉकी प्रशिक्षण शिविर में ओम यादव और अवि मानिकपुरी का चयन प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी साबित होगा।

फॉरवर्ड पोजीशन में खेलने वाले राजनांदगांव के ओम यादव और मिडफील्डर खेलने वाले बिलासपुर के अवि मानिकपुरी विगत 5 वर्षों से छत्तीसगढ़ हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं। उक्त दोनों खिलाड़ियों का चयन राजगीर बिहार में आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया नेशनल चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है, जहां ओम ने छत्तीसगढ़ और अवि ने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया था। ओम यादव वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य खेल अकादमी बिलासपुर के आवासीय हॉकी केंद्र तथा अवि मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी भोपाल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

#### खिलाड़ियों के प्रतिभा को है दर्शाती

दोनों खिलाड़ियों की इस सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत और कोचों के मार्गदर्शन को जाता है। सब जूनियर इंडिया कोर टीम में चयन होने से दोनों भारतीय राष्ट्रीय टीम की मुख्य विकास योजना का हिस्सा बनेंगे। यहां से उसके पास अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का सीधा अवसर होगा। छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि यह सफलता न केवल इन खिलाड़ियों के प्रतिभा को दर्शाती है, बल्कि छत्तीसगढ़ में हॉकी के बढ़ते स्तर और वहां दी जा रही ट्रेनिंग की गुणवत्ता का भी प्रमाण है। भविष्य में हमें इनसे भारतीय टीम की जर्सी में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। उनकी इस उपलब्धि पर पूरा प्रदेश गौरवान्वित है। ओम यादव और अवि मानिकपुरी के भारतीय सब जूनियर बालक कोर ग्रुप में चयन होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निदेशक तनुजा सलामे, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पिऊरोज अंसारी, मनीष श्रीवास्तव, ए. एक्का, शिवनारायण धकेता, रोहित बाजपाई, रवि पारिख आदि ने शुभकामनाएं दी।

### विद्यार्थियों ने की शैक्षिक यात्रा और ली विविध जानकारी

# पारिस्थितिकी और जैव विविधता का अध्ययन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा चिरंजीव पाण्डेय एवं करुणा रावटे के नेतृत्व में प्राणीशास्त्र स्नातकोत्तर अंतिम एवं पूर्व के विद्यार्थियों ने 29 से 31 मार्च तक विशाखापट्टनम एवं अराकु घाटी की तीन दिवसीय शैक्षिक यात्रा का आयोजन किया गया। इस शैक्षिक भ्रमण में 15 विद्यार्थियों एवं 5 संकाय सदस्यों ने भाग लिया। यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र, जैव विविधता, भू-आकृतिक संरचनाओं तथा ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का प्रत्यक्ष अध्ययन कराना था।



यात्रा के प्रथम दिवस विद्यार्थियों ने रामकृष्ण बीच, पनडुब्बी संग्रहालय, टीयू-142 विमान संग्रहालय तथा यूएच-34 हेलीकॉप्टर संग्रहालय का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने नौसेना रक्षा प्रणाली, समुद्री वातावरण तथा गहरे समुद्र के जीवों के अनुकूलन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। साथ ही 1971 के युद्ध की स्मृति में स्थापित समुद्री विजय स्मारक का अवलोकन कर विद्यार्थियों ने भारतीय नौसेना के योगदान के बारे में जाना।

द्वितीय दिवस में अराकु घाटी, बोरा गुफाएं, काटिकी जलप्रपात, दुमुकोंडा व्यू प्वाइंट तथा जनजातीय संग्रहालय का भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों ने प्राकृतिक जैव विविधता, गुफा पारिस्थितिकी, जलप्रपात पारिस्थितिकी एवं आदिवासी समुदायों की सतत जीवन शैली का अध्ययन किया। अराकु वनस्पति उद्यान, कॉफी बागान एवं चॉकलेट फैक्ट्री के भ्रमण से विद्यार्थियों को पादप विविधता, जैविक खेती तथा खाद्य प्रसंस्करण तकनीकों की जानकारी मिली। तृतीय दिवस में विशाखापनट्टनम बंदरगाह, थोटलाकोंडा बौद्ध मठ, ऋषिकोंडा तट, टेनेटी पार्क तथा श्री वेंकटेश्वर स्वामी देवालयम का भ्रमण किया गया। विद्यार्थियों ने तटीय पारिस्थितिकी, मानव गतिविधियों के पर्यावरणीय प्रभाव तथा शहरी हरित क्षेत्रों के महत्व को समझा। इसके अतिरिक्त इंदिरा गांधी चिड़ियाघर में विभिन्न पक्षियों, स्तनधारियों एवं सरीसृपों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया। जिससे वन्यजीव विविधता के प्रति विद्यार्थियों की समझ और रूचि बढ़ी।

#### विद्यार्थियों के लिए भ्रमण ज्ञानवर्धक

इस भ्रमण ने विद्यार्थियों को कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने का अवसर प्रदान किया। संकाय सदस्यों ने यात्रा के दौरान विभिन्न पारिस्थितिक अवधारणाओं को स्थल पर समझाया तथा विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता के महत्व से अवगत कराया। महाविद्यालय प्रशासन ने इस शैक्षिक भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताते भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। विद्यार्थियों ने इस यात्रा को अत्यंत उपयोगी बताते कहा कि इससे उन्हें प्रकृति, समुद्री पारिस्थितिकी तथा सांस्कृतिक विरासत के बारे में प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त।

# 107229 किसानों का किया गया ई-केवाईसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ सभी पात्र किसानों तक पहुंचाने विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत ऐसे वृद्ध एवं शारीरिक रूप से असमर्थ किसानों को चिन्हित किया जा रहा है, जो ई-केवाईसी एवं आधार सीडिंग नहीं करा पाने के कारण योजना के लाभ से वंचित रह गए थे। कृषि विभाग की टीम द्वारा इन किसानों के घर-घर पहुंचकर आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की जा रही है और उन्हें योजना से जोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही शासन के नवीन निर्देशानुसार सभी किसानों का एग्री-स्टैक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किया गया है। अभियान के अंतर्गत किसानों का पंजीयन भी तेजी से किया जा रहा है। यह विशेष अभियान 20 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। जिसमें जिले के शत-प्रतिशत पात्र किसानों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 107420 किसानों में से 107229 का ई-केवाईसी, 106744 का आधार सीडिंग तथा 97508 किसानों का एग्री स्टेक पंजीयन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

सक्षम :- न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश, डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

**ज्ञापन**

उत्तराधिकार अपील क्रमांक-01 अ/2026

प्रोसेस नम्बर 483/26 श्रवण तिथि 22/04/2026

**खिलेश्वरी बाई वैष्णव वगै.** - आवेदक

// विरूद्ध //

**शाखा प्रबंधक वगै.** - अनावेदक

बनाम- आम जनता, जिस किसी का हित हो

आवेदकगण के द्वारा शाखा प्रबंधक, नेशनल इंश्योरेस कंपनी मंडल राजनांदगांव एवं आम जनता के विरूद्ध इस न्यायालय में वाद अंतर्गत धारा 384 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के तहत पेश किया गया है। आवेदन में उल्लेखित है कि अपीलार्थी के पति एवं अपीलार्थी क्र. 2, 3 के पिताजी राजेन्द्र दास वैष्णव के दुर्घटना में दिनांक 10.03.2019 मृत्यु हो जाने के कारण मृतक राजेन्द्र दास वैष्णव के नाम जारी बीमा पॉलिसी क्र. 290700/42/18/10000003 बीमा अवधि 8/4/2018 से 07/04/2019 तक बीमित राशि 1,00,000/- एक लाख रूपये एवं बोनस 50,000/- पचास हजार रूपये कुल 1,50,000/- एक लाख पचास हजार रूपये प्राप्त करने के लिये उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः आपत्ति ईस्तहार का प्रकाशन किया जा रहा है, तथा अपेक्षा की जा रही है, कि जिस किसी को आपत्ति हो, न्यायालय में पेशी दिनांक 22/04/2026 को प्रातः 11:00 बजे वाद का उत्तर देने के लिए, इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा हाजिर हो सकते है जिन्हें सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस दावे संबंधित सारवान तथ्यों का उत्तर दे सके, या जिसके साथ कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सके, आपको यह भी निर्देश दिया है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को पेश करे जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

आप को सूचित किया जाता है कि आप अथवा आपका प्लीडर ऊपर बताई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका अवधारण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा, यदि किसी कारणवश उक्त पेशी तारीख को सार्वजानिक अवकाश घोषित किया जाता है या यदि किसी कारणवश कार्य स्थगित किया जाता है तो अगले कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी। अतः आज तारीख 08/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मोहर

**प्रतिभा वर्मा**
जिला न्यायाधीश डोंगरगढ़
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)



# डॉ.भीमराव आम्बेडकर जयंती पर विशेष











## भीम जी तेरे चरणों में

भीम जी तेरे चरणों में, श्रद्धा के फूल चढ़ाते है,
हरेक दिल में बसे हो तुम, तुम्हें भूल न पाते हैं,
भीम जी तेरे चरणों.....
गर आप न होते तो, जीना ये दूभर होता,
हम जाने कहां होते, जीवन ये किधर होता,
बड़े कष्ट सहे तुमने, जन-जन ये बताते है,
भीम जी तेरे चरणों.....
अनपढ़ रह जाते हम, कुछ पढ़ भी नहीं पाते,
दलितों के जीवन में, गर भीम नहीं आते,
भीम नाव के सहारे हम, आगे बढ़ जाते है,
भीम जी तेरे चरणों.....
मानव को मानव से, तुमने ही मिलाया है,
छुआछूत के बंधन से, हमें मुक्त कराया है,
भीम जी दलितों के लिए, जग से लड़ जाते है,
भीम जी तेरे चरणों.....

**ईश्वर मेश्राम**
सेवानिवृत्त प्रधान पाठक






















## सार समाचार

### बच्चों को मिल रही संगीत की शिक्षा



**राजनांदगांव** । व्यावसायिक शिक्षा के तहत बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने प्राथमिक शिक्षा के साथ ही संगीत शिक्षा देने की अभिनव पहल राज्यपाल से पुरस्कृत शिक्षिका पारुल चतुर्वेदी कर रही है। टेडेसरा स्कूल में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती चतुर्वेदी के नेतृत्व में टेडेसरा, इंदावनी, मगरलोटा के विद्यार्थियों द्वारा गत दिनों गायन की परीक्षा में शामिल हुए। श्रीमती चतुर्वेदी कई वर्षों से बच्चों को संगीत की शिक्षा दे रही है। यह विद्यार्थी प्राचीन कला केंद्र चंडीगढ़ के माध्यम से परीक्षा में शामिल होते हैं। श्रीमती चतुर्वेदी ने बताया कि उनका उद्देश्य है कि बच्चे व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत गायन की डिग्री प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें । उन्होंने बताया कि बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने आसपास के गांव के बच्चों को गोद लेकर संगीत शिक्षा दे जा रही है, जो विद्यार्थी परीक्षा देने के लिए तैयार हो जाते हैं, उन विद्यार्थियों को वह परीक्षा दिलवा रही है। उन्होंने बताया कि संगीत शिक्षा के लिए प्रत्येक शनिवार को 3 घंटे का समय निर्धारित है। श्रीमती चतुर्वेदी की इस पहल का सरपंच खिलेश्वर साहू, पालक, ग्रामवासियों, संकुल प्राचार्य धर्मचंद जैन, प्रधान पाठिका धनेश्वरी मार्शल, संकुल समन्वय कामदेव साहू एवं शिक्षकों ने सराहना की है।

### यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में शामिल हुए हरीश




**राजनांदगांव**। हाल ही में आयोजित अष्टलक्ष्मी दर्शन यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में स्वयंसेवक हरीश कुमार साहू शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग (छत्तीसगढ़) ने सक्रिय सहभागिता करते एक महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान उन्हें असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जो उनके लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवक हरीश कुमार साहू ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं एवं लोक जीवन का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, पारंपरिक वेशभूषा तथा सांस्कृतिक विशेषताओं के बारे में जानकारी साझा की, जिसे प्रतिभागियों एवं दर्शकों द्वारा सराहा गया। इसके साथ ही उन्हें उत्तर-पूर्व भारत के विभिन्न राज्यों की विविध संस्कृति, परंपराओं और जीवनशैली को निकट से जानने और समझने का अवसर मिला। उन्होंने विभिन्न स्थानों का भ्रमण करते वहां की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत तथा सामाजिक जीवन का प्रत्यक्ष अनुभव भी प्राप्त किया। स्वयंसेवक हरीश कुमार साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम ने उन्हें न केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान का अवसर प्रदान किया, बल्कि राष्ट्रीय एकता, आपसी सहयोग और भाईचारे की भावना को भी और अधिक सुदृढ़ किया। यह अनुभव उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा और भविष्य में उन्हें निरंतर आगे बढ़ने प्रेरित करेगा।

### संविधान रक्षा संकल्प का आयोजन



**राजनांदगांव**। विश्व बौद्ध संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश शाखा के तत्वाधान में आयोजित भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न बोधिसत्व डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 135वीं जयंती 2026 को संविधान रक्षा संकल्प एवं महाबोधि महाबिहार अधिकार दिवस के रूप में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्व बौद्ध संघ द्वारा 16 अप्रैल 2026 से 31 मई 2026 तक धम्मयान के माध्यम से प्रदेशभर में भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। भ्रमण के दौरान डॉ. आम्बेडकर के विचारों, आर्दशों, का प्रचार-प्रसार संवैधानिक अधिकारों का प्रचार-प्रसार तथा विश्व शांति के लिए भगवान बुद्ध के संमता, स्वतंत्रता, बधुत्व एवं भाईचारा के संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं भारतीय संविधान के पुस्तक की प्रतियों का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर समाज प्रमुख, बुद्धिजीवी, जनप्रतिनिधिगण, बौद्ध एवं आम्बेडकरवादी, समाजसेवी, पत्रकार, साहित्यकार, बौद्ध भिक्षुगण शामिल होंगे। विश्व बौद्ध संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कल 14 अप्रैल के कार्यक्रम में शहर में शामिल होंगे तथा 15 अप्रैल को छुरिया विकासखंड मे शामिल होंगे। यह जानकारी विश्व बौद्ध संघ के प्रधान महासचिव किशोर खोब्रागढ़े ने दी।

### स्टेडियम की दो दुकानों में तालाबंदी




**राजनांदगांव**। स्टेडियम परिसर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में किराया बकाया होने के कारण 10 दुकानों को नोटिस जारी किया गया था। जिसमें से 8 दुकानदारों द्वारा 454634 रुपए जमा किया गया एवं अन्य 2 दुकानदारों द्वारा बकाया अदा नहीं करने के कारण तालाबंदी कर सील किया गया। स्टेडियम समिति ने बकायादारो को तत्काल राशि जमा करने के निर्देश जारी किए है।

### कंपनियों को लाभ पहुंचा रही भाजपा सरकार: शाहिद



**राजनांदगांव**। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं राजनांदगांव लोकसभा के प्रभारी शाहिद भाई ने पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम करने के भाजपाई नौटंकी को आम जनता के साथ छल करार देते कहा कि एक्साइज ड्यूटी कम करने से आम जनता को किसी प्रकार का कोई राहत नहीं है, सिर्फ अपने पूंजीपति मित्रों और ऑयल कंपनियों को लाभ देने यह निर्णय लिया गया है। शाहिद ने बताया कि केंद्र में जब मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार थी, तब डीजल पर 3.56 पैसे प्रति लीटर और पेट्रोल पर 9.48 पैसे प्रति लीटर एक्साइज ड्यूटी थी, जो 12 वर्षीय भाजपा सरकार में 31.83 रुपए डीजल में एवं 32.98 रुपए प्रति लीटर पेट्रोल में एक्साइज और 12 बार एक्साइज ड्यूटी बढ़ाकर प्रतिदिन 1000 करोड़ रुपए की कमाई केंद्र सरकार और ऑयल कंपनियां करती रही है।

वर्ष 2014 में कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार थी, तब कच्चे तेल की कीमत 106.94 डॉलर प्रति बैरल थी, तब पेट्रोल 71 रुपए में और डीजल 60 रुपए में आम जनता को मिलती थी। पश्चिम एशिया में युद्ध से पहले कच्चे तेल की कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल थी, तब आम जनता को 100 रुपए प्रति लीटर में पेट्रोल मिल रहा था, जो 60 रुपए में मिलना था, उसे जनता 100 रुपए में खरीदने विवश थी और उसके बाद युद्ध के नाम पर आम जनता को धोखा देते हुए एक्साइज ड्यूटी कम करने की नौटंकी भाजपा सरकार कर रही है।आम जनता की परेशानी से केंद्र सरकार को कोई सरोकार नहीं है, जो सरकार की अदूरदर्शिता का परिचायक है।

### शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के बाजार में खरीदी के लिए उमड़ने लगी भीड़

# बाजार में बढ़ी रौनक, खरमास समापन के साथ ही गूंजेंगी मांगलिक शहनाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खरमास का समापन 14 अप्रैल को हो रहा है। इसके साथ ही इस माह लगातार वैवाहिक मुहूर्तों से लोगों के बीच व्यस्तता का आलम है। वहीं शहर सहित ग्रामीण इलाकों के बाजार में रौनक बनी हुई है। लोग मांगलिक आयोजन संबंधी सामग्रियों की खरीदी करने के लिए बड़ी संख्या में बाजार पहुंच रहे हैं। आगामी दिनों अंचल में बाजे-गाजे और बारात पार्टी का माहौल बना रहेगा।

ज्ञात हो कि 15 मार्च से खरमास प्रारंभ हो गया था। जिसका समापन 14 अप्रैल को होगा। पंडितों के अनुसार इस दौरान सूर्य मीन राशि में रहेंगे, जिसे मानने वाले इस दौरान मांगलिक व शुभ कार्य करने से परहेज करते हैं। सूर्य का मेष राशि में प्रवेश के साथ ही 14 अप्रैल को खरमास का समापन हो जाएगा। इसके साथ ही मांगलिक शहनाईयों, बाजा-गाजा एवं वैवाहिक सहित अन्य शुभ कार्यों की शुरूआत हो जाएगी।



#### मुहूर्तों में होंगे मांगलिक आयोजन

अप्रैल माह के मध्यान्ह से प्रारंभ हो रहे मांगलिक मुहूर्तों का दौर आगामी माह भी रहेगा। पंचाग के अनुसार मई माह में 1, 3, 5, 6, 7, 8, 12, 13, 14, जून माह में 19, 20, 21, 22, 24, 26, 27, 28, 29, जुलाई में 1, 2, 6, 7, 8, 11 को वैवाहिक मुहूर्त है। इसके बाद नवंबर माह के 20, 21, 24, 25, 26, 30, दिसंबर माह में 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 9, 10, 11, 12 को लगातार वैवाहिक मुहूर्त है। बहरहाल लगातार मांगलिक आयोजनों के लिए मुहूर्तों से शहर सहित ग्रामीण इलाकों में लोगों की व्यस्तता एवं मांगलिक आयोजन संबंधी तैयारियों का माहौल है।

#### खरीदी के लिए पहुंच रहे लोग

पंचाग के मुताबिक अप्रेल माह में 15, 16, 20, 21, 25, 26, 27, 28, 29, 30 तारीख को लगातार वैवाहिक मुहूर्त है। इन मुहूर्तों को देखते हुए जिनके यहां मांगलिक आयोजन होने हैं, उन्होंने पूर्व से ही बाजा-गाजा, डेकोरेशन, सार्वजनिक भवन, होटल, लॉज, बस इत्यादी को आरक्षित करा लिया है। 14 से शादी-बारात का वातावरण निर्मित रहेगा। मांगलिक मुहूर्तों ने शहर सहित ग्रामीण इलाकों के बाजार में रौनक बढ़ा दी है। कपड़े, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक, बर्तन, फर्नीचर, सौंदर्य प्रसाधन के दुकानों में इन दिनों लोगों की खरीदी के लिए बेहतर उपस्थिति बन रही है। सुबह से देर शाम तक लोग बाजार में खरीदी करने के लिए पहुंचने लगे हैं। जिससे व्यवसायियों की भी व्यस्तता बनी हुई है।

#### अक्षय तृतीया पर अधिक होंगे आयोजन

खरमास समापन के पश्चात अन्य शुभ कार्यों का भी क्रम बना रहेगा। गृह प्रवेश, खरीदी-बिक्री सहित कई शुभ कार्यों का भी आयोजन होने की संभावना है। खासकर अक्षय तृतीया के अवसर पर अंचल में बड़ी संख्या में वैवाहिक आयोजन सहित अन्य शुभ कार्यों का सिलसिला रहेगा, जिसे लेकर लोगों के बीच उत्साह है, वहीं तैयारियां भी शुरू कर दी गई है।

### फोरम गठित करने कल राजधानी में होंगे एकत्रित

**राजनांदगांव**। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के पेंशनरों को समय पर महंगाई का लाभ नहीं दिया जा रहा है। ऐसे अनेक आर्थिक, स्वास्थ्य संबंधित विषयों पर चर्चा होगी। साथ ही पेंशनर संघों के साथ मिलकर पेंशनर फोरम गठित करने प्रदेश के अनेक पेंशनर संघ राजधानी रायपुर में 15 अप्रैल को एकत्र होंगे।

बैठक के आयोजक चंद्रिका सिंह पूर्व प्रांत अध्यक्ष लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ के अलावा जयनारायण श्रीवास्तव प्रधानमंत्री कार्यालय से नामांकित कर्मचारी राज्य बीमा निगम सदस्य, बीएमएस के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, प्रांत अध्यक्ष राज पेंशनर एवं कर्मचारी कल्याण संघ और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ, अनिल शुक्ला शुक्ला प्रांतीय संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा, छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांत अध्यक्ष डॉ. डीपी मनहर, पूर्व प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ संरक्षक ओपी शर्मा सहित पीआर यादव प्रांत अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन, पूर्व प्रांत अध्यक्ष तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, आरके थवाईत प्रांत अध्यक्ष छग प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ, वीरेंद्र नामदेव प्रांत अध्यक्ष भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ पूर्व प्रांत अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ छग, यशवंत दिवान, प्रांतीय सह-सचिव विद्याभूषण दुबे आदि बैठक में उपस्थित होंगे।

### जांच पड़ताल कर पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

## खेत से केबल तार, पंप व झटका मशीन चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खेत में लगे केबल तार, सबमर्सिबल पंप एवं झटका मशीन की चोरी हो गई थी। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस जांच पड़ताल करते आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार सुरगी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 28-29 नवंबर 2025 से 7 दिसंबर 2025 के मध्य अज्ञात चोरों द्वारा ग्राम खैरा के लगभग 7 किसानों के खेतों से 1 नग सबमर्सिबल पंप, लगभग 810 फीट केबल वायर एवं पाना-पेंचिस चोरी कर ले जाया गया था।

#### पुलिस ने की कार्रवाई

इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सुरगी पुलिस आरोपी की पतासाजी में जुटी हुई थी। पुलिस के अनुसार आरोपी पिंटू उर्फ दुर्लभ उर्फ दीनू मेश्राम 25 वर्ष निवासी बैगापारा अटल आवास लखोली को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने अपने साथी राहुल बांसफोड़ उर्फ कोंदा एवं अन्य सहयोगियों तथा 3 नाबालिगों के साथ मिलकर उक्त चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

#### मोटर साइकिल सहित अन्य समान जब्त

आरोपियों द्वारा घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल एवं चोरी गया सामान पूर्व में थाना सोमनी के प्रकरण में जब्त किया जा चुका है। उक्त आरोपियों के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## मोबाइल में सट्टा खिलाते गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मोबाइल में सट्टा खिलाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से मोबाइल, सट्टा-पट्टी, डाटपेन एवं नगदी रकम जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के दिशा-निर्देश तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व में थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा लगातार असामाजिक तत्वों और जुआ, सट्टा, शराब के अवैध गतिविधियों में शामिल रहने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

आरोपी का कृत्य छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 एवं 7 के अंतर्गत अपराध पाए जाने पर थाना बसंतपुर में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना बसंतपुर के थाना प्रभारी एमन साहू, सहायक उपनिरीक्षक डेमिन साहू, महिला प्रधान आरक्षक मेनका साहू, दीपक जायसवाल, आरक्षक जामिन्द्र वर्मा एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

#### मोबाइल, सट्टा-पट्टी व नकदी जब्त

बसंतपुर पुलिस को 13 अप्रैल को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति क्लब चौक के पास कागज पर अंकों के आधार पर व मोबाइल में भी रुपयों का दांव लिखकर सट्टा खिला रहा है। सूचना पर थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा टीम बनाकर मौके पर रेड कार्रवाई की गई, जहां आरोपी को सट्टा-पट्टी लिखते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी योगेश साहू 27 वर्ष के कब्जे से एक नग मोबाइल, दो नग सट्टा-पट्टी, एक नग डॉट पेन एवं नगदी रकम 920 रुपए जब्त किया गया।

## एनबीआईएस बोरी में विशेष छात्रवृत्ति परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में आगामी 15 अप्रैल को फिजिक्स वाला की कक्षाओं में प्रवेश हेतु विशेष छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा में शहर के सभी स्कूलों के कक्षा 8वीं, 9वीं, 10वीं एवं 11वीं के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं।

विगत वर्ष से नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में फिजिक्स वाला की कक्षाओं का नियमित संचालन किया जा रहा है, जहां कक्षा 8वीं से 12वीं तक की कक्षाएं फिजिक्स वाला के शिक्षाविद द्वारा ली जाती है। इन कक्षाओं में नियमित कक्षाओं के साथ ही 8वीं, 9वीं एवं 10वीं में जेईई, नीट के फाउंडेशन कोर्स तथा 11वीं से जेईई, नीट की तैयारी भिलाई पीडब्लू के शिक्षकों द्वारा एनबीआईएस बोरी में ऑफलाइन कराई जा रही है। इन कक्षाओं में प्रवेश हेतु शाला द्वारा यह परीक्षा राजनांदगांव शहर के सभी स्कूल के छात्रों के लिए आयोजित की जा रही है। परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को शुल्क में विशेष छात्रवृत्ति छूट दी जाएगी। छात्रवृत्ति परीक्षा बोरी स्थित एनबीआईएस स्कूल में 15 अप्रैल को सुबह 10 बजे आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा पूर्णतः निःशुल्क है।

संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी का कहना है कि समय के साथ प्रतिस्पर्धा अधिक बढ़ गई है। प्रतियोगी परीक्षा आईआईटी सेक्टर की पढ़ाई के लिए पालक अपने बच्चों को घर-परिवार से दूर भेजते हैं, ताकि बच्चों का भविष्य निखर सके। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते एनबीआईएस व फिजिक्स वाला की टीम द्वारा मिलकर जेईई, नीट की तैयारी स्थानीय स्तर पर कराई जा रही है। छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण नवप्रवेशित विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क निःशुल्क रखते पीडब्लू की शुल्क में छूट देने से पालकों को आर्थिक सहायता भी उपलब्ध हो जाती है।

### संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती आज

## सेन समाज ने शहर में निकाली बाइक रैली

**राजनांदगांव**। संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती प्रतिवर्ष वैशाख कृष्ण पक्ष की द्वादशी तिथि को मनाई जाती है। इस वर्ष यह जयंती 14 अप्रैल को मनाई जा रही है। इस अवसर पर समाज द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आ यो ज न किया जा रहा है । श्री सेन महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में समाज द्वारा आज पूर्व संध्या पर शहर में मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में समाज के महिला-पुरूष बड़ी संख्या में शामिल हुए। बाईक रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की 726वीं जयंती के उपलक्ष्य पर शहर में धार्मिक वातावरण के बीच भव्य मोटर साइकिल रैली निकाली गई। शहर के सहदेव नगर स्थित सेन समाज भवन से शोभायात्रा की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर शुरूआत की गई।



#### सेलून संघ ने निकाली रैली

रैली के आयोजन को लेकर सर्व सेन समाज के जिला महामंत्री अनूप श्रीवास ने बताया कि 726 वर्ष पूर्व धरती पर सेन जी महाराज का अवतरण हुआ था। उनके इस अवतरण दिवस को मनाने के लिए जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह मोटर साइकिल रैली सेलून संघ द्वारा निकाली गई है।

#### जयंती पर विविध आयोजन

14 अप्रैल को संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती के अवसर पर सेन समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान प्रसादी वितरण भी होगा। जिला स्तरीय इस आयोजन में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल होंगे।

## जैन शिक्षा मंदिर का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**राजनांदगांव**। श्री देव आनंद जैन शिक्षण संघ द्वारा संचालित श्री देव आनंद जैन शिक्षा मंदिर का वार्षिक परीक्षाफल 2025-26 प्राचार्य सुधीर जैन द्वारा घोषित किया गया।

कक्षा केजी 1 में प्रथम अंश सारथी 96.22 प्रतिशत, द्वितीय समर सिंग 94.88 प्रतिशत, तृतीय टोमेश चंद्रवंशी 90.88 प्रतिशत, केजी 2 में प्रथम तुषिका ठाकुर 97 प्रतिशत, द्वितीय मानवी सिंग 94.66 प्रतिशत, तृतीय शिवानी 90 प्रतिशत, कक्षा दूसरी में प्रथम सर्वेश सिन्हा 92.66 प्रतिशत, द्वितीय मनन सिंग 89.33 प्रतिशत, कक्षा तीसरी में प्रथम रोशनी खारोल 88.83 प्रतिशत, द्वितीय तमन्ना मेश्राम 67.66 प्रतिशत, कक्षा चौथी में प्रथम कुमुद देवांगन 86.33 प्रतिशत, द्वितीय नंद कुमार साहू 79.88 प्रतिशत, कक्षा छठवी में प्रथम आरोही रामटेके 95.33 प्रतिशत, द्वितीय डिलेश कुर्रे 82.33 प्रतिशत, तृतीय भाविका वर्मा 76.83 प्रतिशत, कक्षा सातवी में प्रथम पुष्पेन्द्र साहू 87 प्रतिशत, द्वितीय किशन साहू 82.33 प्रतिशत, तृतीय वंदना साहू 71.83 प्रतिशत रहा। कक्षा 11वीं (कृषि संकाय) में प्रथम दुर्गा गढेवाल 70 प्रतिशत, द्वितीय अरविंद यादव 57 प्रशित, तृतीय शुभम वर्मा 50 प्रतिशत और कक्षा 11वीं(वाणिज्य संकाय) प्रथम प्रेमकुमार 67.6 प्रतिशत और द्वितीय रेहानिका देवांगन ने 59.4 प्रतिशत प्राप्त किया।

### निधन

#### भुनेश्वरी सिन्हा



**खुज्जी**। ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक एवं समाजसेवी राकेश सिन्हा की छोटी पुत्री भुनेश्वरी सिन्हा का आकस्मिक निधन 12 अप्रैल को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में शामिल होकर ग्रामीणों एवं सामाजिकजनों श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।




## चौपाटी से भटक कर घूम रहे बालक को पुलिस ने सकुशल परिजन को सौंपा




**राजनांदगांव**। अपनी मां के साथ गांव से शहर आया बालक भटक गया था, जिसे पुलिस ने सुरक्षित रख उसके परिजन की खोजबीन कर उसे सौंपा। पुलिस के अनुसार 13 अप्रैल को बसंतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गा चौक में घूमते हुए एक बालक मिला, जिसे उसके परिजन के बारे में पूछताछ करने पर किसी का नाम नहीं बता पा रहा था। जिसकी पता तलाश हेतु मोबाइल के माध्यम से फोटो खींचकर वारिसान का पता तलाश किया गया।

#### मां को सुरक्षित सौंपा

जिस पर पुलिस की निगाह पड़ने पर थाना बसंतपुर पुलिस ने अपने साथ सुरक्षित बच्चे को थाना लेकर आए और बच्चे के वारिसान का पता तलाश किया। वारिसान के आने पर दिव्यांग बालक 8 वर्ष को उसकी माता के सुपुर्दनामा पर दिया गया।

#### चौपाटी में झूला झूलकर शहर की ओर आ गया

जिसके तहत दिव्यांग बालक को अपना बच्चा होना बताई तथा बच्चा भी अपनी मां को देखकर मां के रूप में पहचान किया। पुलिस के अनुसार बच्चे की मां से पूछने पर बताई कि वह बच्चे का आधार कार्ड बनवाने जिला कार्यालय कलेक्टोरेट राजनांदगांव आई थी, जहां बच्चे के नाम में त्रुटि होने से काम नहीं हो पाया, तब बच्चे की जिद करने पर उसकी मां ने बच्चों को रानीसागर चौपाटी झूला झूलाने ले गई, जहां बच्चा झूला झूलते हुए उतरकर पैदल कहीं चला गया। धूप होने के कारण बच्चों की मां छांव में बैठी रह गई, बच्चा अचानक पैदल चलते-चलते शहर अंदर आ गया।






**समस्या:** नई व्यवस्था में तकनीक से दूर लोगों के लिए बढ़ी दिक्कत

# डिजिटल नियमों में उलझ गया इलाज, मरीज हो रहे हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

जिला अस्पताल में इलाज के लिए अब सिर्फ मोबाइल एप के जरिए टोकन लेने की नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। लेकिन यह व्यवस्था कई मरीजों के लिए सुविधा की बजाय परेशानी का कारण बन गई है। खासकर बुजुर्ग, अशिक्षित और वे लोग जिनके पास स्मार्टफोन नहीं है, साथ ही जिन्हें मोबाइल चलाना नहीं आता हैं, उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में आने वाले मरीजों को स्वास्थ्य कर्मचारी सीधे मोबाइल एप से टोकन लेने की सलाह दे रहे हैं।

ऐसे में जिन लोगों के पास एंड्रॉइड मोबाइल नहीं है या जो डिजिटल प्रक्रिया से अनजान हैं, वे टोकन ही नहीं ले पा रहे। नतीजा यह है कि कई मरीजों को बिना इलाज कराए ही वापस लौटना पड़ रहा है। दरअसल इलाज की प्रक्रिया को आसान और तेज बनाने के लिए आभा एप और ब्रिफकेस एप लागू किए गए हैं। इन एप्स के जरिए मरीजों की जानकारी और मेडिकल रिकॉर्ड डिजिटल रूप से रखने की योजना है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। अस्पताल में आने वाले कई मरीज ऐसे हैं जिनके पास सिर्फ की-पैड मोबाइल है या कुछ के पास मोबाइल भी नहीं है। ऐसी स्थिति में जब मरीज टोकन के लिए काउंटर पर पहुंचते हैं, तो कर्मचारियों द्वारा बिना मोबाइल में एप इंस्टॉल किए टोकन देने से साफ मना कर दिया जा रहा है। मरीजों को सलाह दी जाती है कि किसी दूसरे के मोबाइल में अपनी जानकारी डालकर टोकन ले लें। यह सलाह भी कई लोगों के लिए मुश्किल साबित हो रही है। सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हो रही है जो पहली बार इलाज के लिए अस्पताल आ रहे हैं। जानकारी के अभाव में वे न तो एप डाउनलोड कर पा रहे हैं और न ही अपनी आईडी बना पा रहे हैं। वहीं कुछ मामलों में बताया जा रहा है कि पहले से इलाज करा रहे मरीजों को ही ऑफलाइन टोकन दिया जा रहा है, जबकि नए मरीजों को एप के बिना टोकन नहीं मिल रहा। वहीं स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि पुरानी टोकन प्रणाली को पूरी तरह बंद नहीं किया गया है।

## पहले आसान थी प्रक्रिया, अब बढ़ी परेशानी




मिली जानकारी के अनुसार पहले जिला अस्पताल के काउंटर पर कर्मचारी खुद मरीजों की जानकारी लेकर कम्प्यूटर में एंट्री कर देते थे और टोकन जारी कर दिया जाता था। यह प्रक्रिया खासकर ग्रामीण इलाकों से आने वाले लोगों के लिए आसान और सुविधाजनक थी। लेकिन अब पूरी तरह डिजिटल व्यवस्था लागू होने से अशिक्षित और तकनीक से दूर लोगों के लिए इलाज की शुरुआत ही मुश्किल बन गई है। इलाज कराने ग्राम सुखाताल से पहुंचे बुजुर्ग धनंजय वर्मा ने बताया कि उनके पास की-पैड मोबाइल है, जिसमें एप डाउनलोड नहीं होगा। और उन्हें स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बिना एप में आईडी बनाए टोकन देने से मना कर दिया है।

### डिजिटल सिस्टम से इलाज में रुकावट, ग्रामीण मरीज हो रहे परेशान

डिजिटल सुविधा का उद्देश्य भले ही बेहतर सेवा देना है, लेकिन मौजूदा व्यवस्था में यह कई जरूरतमंद मरीजों के लिए इलाज में रुकावट बनती नजर आ रही है। जिला अस्पताल में हर दिन बड़ी संख्या में ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्र से लोग इलाज कराने पहुंचते है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुरू की गई इस प्रकिया से मरीज परेशान हो रहे है। विभाग द्वारा मरीजों की परेशनी न उठाना पड़े इसके लिए काउंटर के सामने दो कर्मचारी तैनात किए गए है, लेकिन उनके द्वारा भी मरीजों को आधी-अधूरी जानकारियां ही दी जा रही है।

### जांच करा लेता हूँ

हमारा प्रयास है कि अधिकतर मरीज मोबाइल में आभा या ब्रिफकेस एप के जरिए ही टोकन कटाएं। इससे फायदा यह होगा कि वे घर बैठे इलाज के लिए टोकन कटवा सकेंगे और उनके इलाज की सारी जानकारी एप में ही रहेगी। लेकिन जिनके पास मोबाइल नहीं है या जो अशिक्षित हैं, वे काउंटर में आधार कार्ड दिखाकर टोकन ले सकते हैं। अगर एप के चलते मरीजों को दिक्कत हो रही है तो मैं जांच करा लेता हूँ।

**सिविल सर्जन डॉ. केशव ध्रुव**

# पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का रापा में कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम रापा में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। वहीं जितेन्द्र चंद्राकर के निज निवास पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने भव्य गाजा-बाजा व फूल-मालाओं के साथ जोरदार अभिनंदन किया। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री की एक झलक पाने के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा घंटों पहले से ही मुख्य सड़क तक इंतजार करते रहे। जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस दौरान भूपेश बघेल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भेंट-मुलाकात कर संगठन से जुड़े व विभिन्न विषयों पर परिचर्चा की। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और आगामी समय में कांग्रेस की सरकार बनाने को लेकर विशेष रणनीति पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों में भी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी, जिलाध्यक्ष नवीन जायसवाल, उत्तरा दिवाकर, नीलू चंद्रवंशी, मनोहर चंद्राकर, मनीष शर्मा, घनश्याम साहू, जितेंद्र चंद्राकर, दिनेश पाण्डेय, श्रीमती सीमा अनंत, श्रीमती अन्नपूर्णा चंद्राकर, आनंद सिंह ठाकुर, तुकाराम चंद्रवंशी, संजीत बनर्जी, भरत साहू, साधे राम अनंत, राजू चंद्राकर, हेमू साहू, रवि चंद्रवंशी, पवन शर्मा, श्रीमती ममता, विजय शुक्ला, श्रीमती अंबिका, गोलू सोनवानी, सुधांशु बघेल, माधुरी साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## महाराजपुर में पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण



**हरिभूमि कवर्धा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महाराजपुर कबीरधाम में एफएलएन (फाउंडेशनल लर्निंग) अंतर्गत नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय सेवाकालीन विषय आधारित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 से 11 अप्रैल तक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के चारों विकासखंड कवर्धा, पंडरिया, बोड़ला एवं सहसपुर लोहारा से कुल 48 शिक्षकों को खंड स्रोत व्यक्ति के रूप में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन डाइट के प्राचार्य टीआर साहू के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए शिक्षकों से सक्रिय सहभागिता के साथ नई शिक्षण पद्धतियों को अपनाने की बात कही। एफएलएन प्रभारी श्री पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित यह प्रशिक्षण शिक्षा को अधिक व्यवहारिक, छात्र-केंद्रित एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे शिक्षक विषयवस्तु को रोचक और सरल ढंग से विद्यार्थियों तक पहुंचाने में सक्षम होंगे। प्रशिक्षण के दौरान नई शिक्षा नीति 2020 के तहत पाठ्यक्रम में हुए बदलाव, स्टेट करिकुलम फ्रेमवर्क, फाउंडेशनल स्टेज, बहुकक्षा शिक्षण, 21वीं सदी के कौशल, बुनियादी भाषा व गणितीय दक्षता, चुनौती आधारित मूल्यांकन, मानसिक स्वास्थ्य, कला शिक्षा एवं भारतीय संस्कृति जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में राज्य स्रोत व्यक्ति सुमित पांडेय, भरत कुमार डोरे सहित डीआरजी सदस्य कमलेश कुमार लांझे, अनीश शर्मा, प्रेमिश शर्मा, श्रवण कुमार रजक एवं रामचरित सोलंकी ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

## मक्के स्कूल में अंगना म शिक्षा पढ़ई-तिहार का सफल आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में माताओं को बच्चों की शिक्षा से जोड़ने के लिए इस वर्ष 11 अप्रैल को अंगना म शिक्षा के अंतर्गत पढ़ई तिहार का आयोजन किया गया। विगत 5 वर्षो से यह त्यौहार आयोजित कर स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के पहले माताएं एवं बच्चे ग्रीष्मकालीन अवकाश में सीखना-सिखाना जारी रख सकें, इसके लिए इस तिथि का चयन किया गया है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के एक सप्ताह पहले से ही स्कूल में शिक्षकों से बच्चों को कैसे और क्या-क्या सिखाना है, आदि तय कर, पढ़ाने का तरीका समझ कर, स्कूल के माध्यम से आवश्यक पठन सामग्री, पुस्तकालय से पुस्तकों की व्यवस्था से लेकर अन्य उपयोगी शिक्षण सामग्री स्कूल से लेकर सीखने-सिखाने का कार्य जारी रखा जाएगा। पूर्व वर्षो की भांति इस बार भी 9 काउन्टर बनाकर बच्चों का आंकलन किया गया । मेले में ही माताओं को अपने बच्चों को सीखने-सिखाने के तरीकों पर समझाइश के साथ उन्हें आवश्यक सामग्री भी सुलभ कार्यवाही गई। इस मेले में शामिल होने वाले लक्ष्य समूह हमारे आंगनबाड़ी-बालवाड़ी से लेकर कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले 5 से 7 वर्ष के बच्चे हैं। इन बच्चों के नाम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों से प्राप्त कर उनकी शत-प्रतिशत उपस्थिति उनके माताओं के साथ तय की गई। माताओं को स्कूल बंद होने से पहले स्कूल में सीखने के लिए उपलब्ध विभिन्न संसाधन, मुस्कान पुस्तकालय की पुस्तकें, अंगना म शिक्षा से संबधित मुद्रित सामग्री, स्लेट पेंसिल, सर्पोट कार्ड जिसमें बच्चों की प्रगति की प्रविष्टि करते हुए माताएं अपने हस्ताक्षर से बच्चों की रिपोर्ट स्कूल के प्रधानाध्यापक को स्कूल खुलने पर सुपुर्द करेंगे। इसे स्मार्ट माताओं के माध्यम से वितरित किया जाएगा। माताएं आपस में मिलकर समुदाय से भी उपयुक्त योग्य व्यक्ति का चयन कर उन्हें मौसम को ध्यान में रखकर उचित समय एवं सुरक्षित स्थान में सीखने की आवश्यक व्यवस्था करेंगी। इसमें सहयोग के लिए पूर्व में चयनित स्मार्ट माताओं और बड़ी कक्षा में अध्ययन करने वाले बच्चों को अपनी टीम में शामिल किया गया। एक्टिव मदर कम्युनिटी में प्राथमिक कक्षाओं में अध्ययन कर रहें बच्चों की माताओं के साथ-साथ शाला प्रबंधन समिति में शामिल माताएं, शिक्षा में रूचि लेने वाली महिलाएं शामिल हुए जिनको परिचय पत्र और प्रमाण पत्र दिया गया। प्रधान पाठिका श्रीमती एलवीना विलसन, प्रधान पाठक कपूरराम चंद्रवंशी, शिक्षक कौशल खांडे, युगल किशोर साहू, भानुप्रिया साहू तथा स्मार्ट माताएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और गांव के प्रमुख गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थें।

# महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण से नए अवसर मिलेंगे, सशक्त होगा लोकतंत्रः पूर्णिमा

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम को बताया ऐतिहासिक कदम, पीएम का जताया आभार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा



लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम 106 वां संविधान संशोधन, 2023 को लेकर क्षेत्र में सकारात्मक माहौल देखा जा रहा है। जिला पंचायत कबीरधाम की सभापति पूर्णिमा मनीराम साहू ने इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर बताया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान, अधिकार और नेतृत्व क्षमता को संवैधानिक मान्यता देने वाला महत्वपूर्ण कदम है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से नीति निर्माण प्रक्रिया अधिक संवेदनशील एवं समावेशी बनेगी, जिससे समाज के हर वर्ग की अपेक्षाओं को बेहतर तरीके से अभिव्यक्त किया जा सकेगा।

श्रीमती पूर्णिमा साहू ने कहा कि देश की आधी आबादी को निर्णय प्रक्रिया में प्रभावी भूमिका देना ही सशक्त लोकतंत्र की पहचान है। 33 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं को नेतृत्व के नए अवसर मिलेंगे, जिससे वे शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, महिला सुरक्षा और सामाजिक न्याय जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा सकेंगी। इससे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी मजबूती मिलेगी।

उन्होंने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए देशभर की महिलाओं की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल आने वाले समय में भारतीय राजनीति की दिशा बदलने की क्षमता रखती है। यह निर्णय नई पीढ़ी की बेटियों को सार्वजनिक जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा और समाज में सकारात्मक परिवर्तन की मजबूत नींव रखेगा। अंत में उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला नेतृत्व को नई ऊर्जा प्रदान करेगा और लोकतंत्र को अधिक संतुलित, सहभागी एवं सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## पोंड़ी के विद्यार्थियों ने बिलासपुर में लिया शैक्षणिक व वैज्ञानिक अनुभव




**हरिभूमि पोंड़ी।** पीएम श्री सेजेस अंग्रेजी-हिंदी माध्यम स्कूल, पोंड़ी में राज्य शासन के निर्देशानुसार पीएम श्री एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण बिलासपुर कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार गुप्ता एवं रामफल चंद्रवंशी ने एसी बस को हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को रवाना किया। भ्रमण दल प्रभारी क्षिप्रा पांडेय, अद्वितीय केशरवानी, स्वाति खटकर, भागीरथी पात्रे शुक्ला, एसके प्रजापति सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित थें। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने डॉ सीवी रमन यूनिवर्सिटी का दौरा किया, जहां उन्होंने विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों, पाठ्यक्रमों एवं कार्य योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। विश्वविद्यालय की आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, लोकनृत्य एवं अन्य शैक्षणिक संसाधनों के बारे में जाना। यहां डिजिटल माध्यम से अध्ययन की सुविधा ने विद्यार्थियों को विशेष रूप से आकर्षित किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के हेमंत कुमार ने विद्यार्थियों को विभिन्न विभागों, कार्यशालाओं और योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा सभी शिक्षकों को स्मृति-चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में भी बताया गया। तत्पश्चात भ्रमण दल ने ऐतिहासिक मां महामाया मंदिर में दर्शन कर आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया। आगे विद्यार्थियों ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्लैनेटेरियम का भ्रमण किया, जहां उन्हें आकाशगंगा, उपग्रह, तारामंडल, सूर्य एवं ग्रहों के बारे में रोचक एवं ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई। इस शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक भ्रमण से विद्यार्थियों में उत्साह और जिज्ञासा का संचार हुआ। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने इसे अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक अनुभव बताया। विद्यालय प्रबंधन ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

# जल जीवन मिशन से बदली गांव की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

जिले के विकासखंड सहसपुर लोहारा का ग्राम सिंघरापारा हर घर जल गांव बन गया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुटकीपारा के इस आश्रित ग्राम में प्रत्येक घर तक नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की पहुंच सुनिश्चित कर दी गई है। ग्रामीणों की सामूहिक सहभागिता से मिली इस उपलब्धि ने न केवल गांव की तस्वीर बदली है, बल्कि महिलाओं को लंबी दूरी तय कर पानी लाने के संघर्ष से भी मुक्ति दिला दी है। इस योजना के सफल क्रियान्वयन के पीछे ग्राम सभा की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जहां सर्वसम्मति से योजना को अपनाने और उसे धरातल पर उतारने का निर्णय लिया गया।

ग्राम पंचायत, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर कार्य किया, जिसके परिणामस्वरूप आज हर घर तक नियमित और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो रहा है। पहले इस गांव की महिलाओं और बच्चों को रोज दूर-दराज के जल स्रोतों से पानी लाना पड़ता था। इसमें समय भी लगता था और मेहनत भी अधिक होती थी। लेकिन अब हर घर में नल कनेक्शन के माध्यम से पानी मिलने लगा है। इससे न केवल समय और श्रम की बचत हुई है, बल्कि उनके जीवन में भी बड़ा बदलाव आया है। अब महिलाएं अपने समय का उपयोग अन्य जरूरी कार्यों में कर पा रही हैं और बच्चों को भी पढ़ाई के लिए अधिक समय मिल रहा है।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत इसमें सिर्फ सुविधा नहीं दी गई, बल्कि गांव के लोगों को इसके संचालन और रखरखाव में भी शामिल किया गया। इससे योजना लंबे समय तक सुचारू रूप से चलती रहेगी और गांव आत्मनिर्भर बनेगा। आज सिंघरापारा सिर्फ एक गांव नहीं, बल्कि एक प्रेरणा बन चुका है। जब सरकार की योजना और जनता का सहयोग एक साथ आता है, तो बदलाव निश्चित होता है।

**जानकीवन धाम सामाजिक समरसता व सांस्कृतिक विरासत संरक्षण के प्रतीक**

# श्रीशिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा में पर्यटन मंत्री, विधायक ने पूजा अर्चना कर क्षेत्र की समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

सोमवार को कुंआ-बिपतरा स्थित जानकीवन धाम में आयोजित भव्य श्री शिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल तथा पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर राजेश अग्रवाल एवं पंडरिया विधायक भावना बोहरा के आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामवासियों ने उनका भव्य व आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपरा हमारी पहचान है। जानकीवन धाम जैसे पवित्र स्थल न केवल श्रद्धा के केंद्र हैं, बल्कि सामाजिक समरसता और हमारी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रतीक भी हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। हमारी सरकार प्रदेश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को सशक्त करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आज यहां उपस्थित ग्रामवासियों द्वारा प्राप्त स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया। यह मंदिर आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के एक प्रमुख धार्मिक स्थल के साथ ही युवा पीढ़ी के लिए हमारी सांस्कृतिक विरासत के रूप में स्थापित होगा।



पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि जानकीवन धाम का यह आयोजन हमारी सनातन संस्कृति की गहराई और समाज की एकजुटता का उदाहरण है। इस भव्य आयोजन के लिए जानकीवन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों को हार्दिक बधाई। क्षेत्र के विकास, संस्कृति के संरक्षण और जनता की सेवा के लिए हम सदैव प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि आज कुंआ-बिपतरा स्थित जानकीवन धाम में आयोजित विशाल शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ के पावन अवसर पर सम्मिलित होना मेरे लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है। ऐसे पवित्र आयोजन न केवल हमारी आस्था को और सुदृढ़ करते हैं, बल्कि समाज में आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक गौरव और एकता की भावना को भी मजबूत करते हैं। सनातन संस्कृति हमारी पहचान है, हमारी परंपराओं की आत्मा है। यह आयोजन हमारे धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सेवा ही संगठन अभियान के तहत गांव-गांव पहुंची जनसेवा की टीम, शिक्षा पर भी दिया गया विशेष जोर



**हरिभूमि कोलेगांव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाए जा रहे सेवा ही संगठन अभियान 7 से 12 अप्रैल के अंतर्गत गांव बस्ती चलो अभियान के तहत आज क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने गांव-गांव एवं घर-घर पहुंचकर आमजन से आत्मीय मुलाकात की तथा लोगों से संवाद कर उनके सुख-दुख को जाना। साथ ही केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई। इस अवसर पर डबल इंजन सरकार की जनसेवा के संकल्प को दोहराते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में हो रहे विकास कार्यो की जानकारी दी गई। वहीं सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को पक्का घर, गांव-गांव सड़क, बिजली एवं पानी की सुविधा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, माताओं-बहनों के लिए महतारी वंदना योजना तथा किसानों के लिए 21 क्विंटल प्रति एकड़ 3100 रुपए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जैसी योजनाओं को सराहनीय बताया गया। शिक्षा के क्षेत्र में भी जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें ग्रामीणों को बच्चों की नियमित स्कूल उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, डिजिटल शिक्षा एवं सरकारी योजनाओं जैसे छात्रवृत्ति, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं मध्याह्न भोजन योजना की जानकारी दी गई। सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शक्ति केंद्र प्रभारी नरेश साहू, कामेश कुमार साहू, डॉ भागवत साहू, शेखर सिंह राजपूत, हरेंद्र सिंह राजपूत, नरेंद्र मल्लाह, हेमंत सिंह चौहान, अंजोर कोसले, भावसिंह कोसरिया, बबलू साहू सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थें।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### रीजन कॉन्फ्रेंस में लायंस क्लब को मिले 12 अवार्ड

**कवर्धा।** लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233-सी के रीजन 6 की वार्षिक रीजन कॉन्फ्रेंस में नगर के लायंस क्लब की सेवा गतिविधियों का मूल्यांकन करते हुए 12 पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। यह रीजन कॉन्फ्रेंस शनिवार 11 अप्रैल को भिलाई के होटल अमित पार्क इंटरनेशनल में संपन्न हुई। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजय अग्रवाल सहित पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर तिलोकचंद बरडिया, राजेन्द्र तिवारी, नरेन्द्र जैन, जयप्रकाश अग्रवाल, शैलेश अग्रवाल, रीजन चेयरपर्सन शांतिलाल शर्मा, जोन चेयरपर्सन राकेश अग्रवाल ने क्लब के सेवाकार्यों की सराहना करते हुए क्लब पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया। इस कॉन्फ्रेंस में नगर से लायन अध्यक्ष एमजेएफ प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, पूर्व अध्यक्ष सुशीला श्रीश्रीमाल, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन नीरज मनजीत, आगामी सत्र के अध्यक्ष आनंदप्रकाश दानी, डॉ. बीएस चौहान, एमजेएफ अजय गुप्ता सहित 12 क्लब्स के 70 से अधिक पदाधिकारी शामिल हुए।

### धरमपुरा को लखपति ग्राम बनाने की पहल

**कवर्धा।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल द्वारा बिहान अंतर्गत विकासखंड कवर्धा ग्राम धरमपुरा को लखपति ग्राम के रूप में विकसित करने के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम धरमपुरा में संचालित महिला स्व-सहायता समूहों की आजीविका गतिविधियों, आय वृद्धि एवं स्वरोजगार के अवसरों की विस्तार से समीक्षा की गई। सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने निर्देशित किया कि ग्राम की अधिक से अधिक महिलाओं को वार्षिक 1 लाख रुपए या उससे अधिक आय अर्जित करने के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जाएं, जिससे ग्राम को लखपति ग्राम के रूप में विकसित किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों एवं कैडर्स को निर्देश दिए कि महिला समूहों को आयमूलक गतिविधियों से जोड़ा जाए, कृषि, पशुपालन, सूक्ष्म उद्यम एवं सेवा क्षेत्र में अवसर विकसित करें। बैंक लिंकेज एवं ऋण सुविधा का अधिकतम लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उत्पादों की ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं मार्केटिंग को बढ़ावा देना के योजना तैयार करें।

### लगातार बढ़ रहा भीषण गर्मी का प्रकोप

**कवर्धा।** कवर्धा सहित आसपास के अंचलों में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। तापमान में हो रही वृद्धि का सीधा असर आम जनजीवन पर पड़ रहा है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है, वहीं लोग जरूरी कामों के लिए ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। तेज धूप और लू के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ने लगी हैं, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को अधिक परेशानी हो रही है। पेयजल की कमी भी कई क्षेत्रों में महसूस की जा रही है। प्रशासन द्वारा लोगों से सावधानी बरतने और पर्याप्त पानी पीने की अपील की जा रही है।

**समस्या:** पालकों पर बढ़ सकता है आर्थिक बोझ, निजी स्कूलों की मनमानी पर नजर जरूरी

# नई शिक्षा नीति के तहत सिलेबस में बड़ा बदलाव, कक्षा 9 से होगी नई शुरुआत!

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नई शिक्षा नीति 2020 के तहत स्कूल शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में एनसीईआरटी द्वारा सिलेबस और पाठ्यपुस्तकों में बदलाव का निर्णय लिया गया है। इस बदलाव का उद्देश्य शिक्षा को अधिक आधुनिक, व्यावहारिक और कौशल आधारित बनाना बताया जा रहा है, ताकि छात्र केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रहकर वास्तविक जीवन में उपयोगी कौशल भी विकसित कर सकें।

जानकारी के अनुसार, इन बदलावों को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। सबसे पहले कक्षा 9 के लिए नया सिलेबस शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू किया जाएगा। इसके लिए ड्राफ्ट तैयार कर जारी कर दिया गया है और शिक्षकों, शिक्षा विशेषज्ञों व संबंधित पक्षों से सुझाव मांगे जा रहे हैं। इससे यह स्पष्ट है कि सरकार और शिक्षा विभाग इस परिवर्तन को व्यापक परामर्श के आधार पर लागू करना चाहते हैं। वहीं, कक्षा 10 और 11 के छात्र फिलहाल पुराने सिलेबस और पुस्तकों से ही पढ़ाई जारी रखेंगे।

इन कक्षाओं के लिए नई किताबें और पाठ्यक्रम सत्र 2027-28 से लागू किए जाने की योजना है। इस तरह पूरे सिस्टम को एक साथ बदलने के बजाय धीरे-धीरे लागू किया जाएगा, जिससे छात्रों और शिक्षकों को बदलाव के अनुरूप ढलने का पर्याप्त समय मिल सके।

## निजी स्कूल संचालक कर सकते हैं मनमानी



हालांकि, इस बदलाव के साथ कुछ चिंताएं भी सामने आ रही हैं। विशेष रूप से उन पालकों के लिए, जिनके बच्चे आगामी सत्र में कक्षा 9 में प्रवेश लेने जा रहे हैं। नए सिलेबस के लागू होने के बाद नई किताबों की अनिवार्यता बढ़ेगी, जिससे पालकों पर आर्थिक बोझ बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। अभी तक नई पुस्तकों की कीमतों को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन यह माना जा रहा है कि नई किताबें अपेक्षाकृत महंगी हो सकती हैं। इसके अलावा, इस बदलाव की आड़ में निजी स्कूलों द्वारा मनमानी किए जाने की आशंका भी व्यक्त की जा रही है। अक्सर देखा गया है कि निजी स्कूल अतिरिक्त पुस्तकों का दबाव बनाकर पालकों को निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें खरीदने के लिए बाध्य करते हैं। ऐसे में यह डर बना हुआ है कि नए सिलेबस के नाम पर छात्रों पर अतिरिक्त पुस्तकों का भार न बढ़ा दिया जाए।

## नई व्यवस्था के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और नियंत्रण आवश्यक

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य निश्चित रूप से सकारात्मक है, लेकिन इसके क्रियान्वयन में पारदर्शिता और नियंत्रण आवश्यक है। यदि समय रहते इस पर निगरानी नहीं रखी गई, तो इसका आर्थिक असर सीधे पालकों पर पड़ेगा और शिक्षा महंगी होती चली जाएगी। ऐसे में शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वह इस पूरी प्रक्रिया पर कड़ी नजर रखे। स्कूलों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए जाएं कि वे केवल निर्धारित पाठ्यपुस्तकों का ही उपयोग करें और अनावश्यक अतिरिक्त पुस्तकों को थोपने से बचें। साथ ही, पुस्तक कीमतों को भी संतुलित रखने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं। कुल मिलाकर, नई शिक्षा नीति के तहत सिलेबस में यह बदलाव शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, लेकिन इसके प्रभावी और संतुलित क्रियान्वयन से ही इसका वास्तविक लाभ छात्रों और समाज को मिल सकेगा।

## पत्नी की हत्या, आरोपी पति किया गया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले की थाना सिंघनपुरी जंगल पुलिस टीम द्वारा हत्या के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में सिंघनपुरी जंगल थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना सिंघनपुरी जंगल की टीम को सूचना मिली थी कि आरोपी मंगलसिंग बैगा पिता फूलुराम बैगा आयु 30 वर्ष निवासी ग्राम भेण्ड्रानवांगांव बैगापारा थाना सिंघनपुरी जंगल जिला कबीरधाम द्वारा अपनी पत्नी दशमत बाई बैगा के साथ किसी बात को लेकर मारपीट की गई है। जिसके कारण दशमत बाई के शरीर में गंभीर चोट आने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। इस सूचना के बाद थाना सिंघनपुरी जंगल की टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर तथा मृतका का शव बरामद कर आरोपी की पता तलाश कर उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त टंगिया का बेंठ जप्त किया गया है। गिरफ्त में आरोपी मंगलसिंग बैगा के विरुद्ध थाना सिंघनपुरी जंगल में अपराध क्रमांक 11/2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

# जुआ खेलते 4 जुआरी पकड़े गए, 3200 रुपए नकद बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिला पुलिस प्रशासन द्वारा जुआ, सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना स. लोहारा की टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए जुआ खेल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्त में आए आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना स. लोहारा पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के ग्राम जंगलपुर में कुछ लोगों द्वारा फड़ जमाकर तास के जरिए जुआ खेला जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर जुआ खेलते 04 आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों में टिकेश्वर गुप्ता पिता कमलेश गुप्ता आयु 26 वर्ष निवासी बिरोडा, बीरेन्द्र निर्मलकर पिता गजानंद निर्मलकर आयु 24 वर्ष निवासी बिरोडा, डेरहा यादव उर्फ पप्पु यादव आयु 25 वर्ष निवासी बिरोडा तथा देवव्रत वर्मा पिता किशन वर्मा आयु 30 वर्ष निवासी जंगलपुर थाना स. लोहारा जिला कबीरधाम शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे एवं फड़ से कुल 3200 रुपए नगद, 52 नग ताश पत्ती एवं एक अधजली मोमबत्ती जप्त की गई है। आरोपियों के विरुद्ध थाना स. लोहारा में अपराध क्रमांक 42/2026 धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्यवाही की गई है।

कबीरधाम पुलिस द्वारा स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि जुआ-सट्टा जैसे अवैध कृत्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले में इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी। कबीरधाम पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों से दूर रहें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। इस कार्यवाही में थाना स. लोहारा प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा के नेतृत्व में थाना स. लोहारा की टीम के समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# जिले के 11 वरिष्ठ नागरिकों का एम्स रायपुर में सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन



■ योजना से बुजुर्गों को मिला जीवन का नया उजाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत मोतियाबिंद से पीड़ित 11 बुजुर्गों का सफल ऑपरेशन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर में कराया गया। जिला स्तर पर विगत दिनों आयोजित विशेष शिविर के माध्यम से मोतियाबिंद से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन किया गया। इसके बाद सहमति देने वाले हितग्राहियों को बेहतर उपचार के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर भेजा गया, जहां सभी 11 मरीजों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। इनमें जनपद पंचायत कवर्धा से 4, पण्डरिया से 1, सहसपुर लोहारा से 4 तथा नगर पंचायत सहसपुर लोहारा से 2 वरिष्ठ नागरिक शामिल रहे। ऑपरेशन के बाद इन हितग्राहियों की संपूर्ण देखभाल भी सुनिश्चित की। ऑपरेशन के बाद पुनः जांच के लिए सभी को एम्स रायपुर ले जाया गया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उनकी आंखों की जांच की गई, आवश्यक दवाइयां दी गईं और सुरक्षित रूप से उन्हें वापस उनके घर तक पहुंचाया गया। भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा वरिष्ठ नागरिकों हेतु अटल वयो अभ्युदय योजना संचालित की जा रही है। राज्य में समाज कल्याण विभाग उक्त योजना के क्रियान्वयन के लिए नोडल विभाग है। समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले के वरिष्ठ नागरिकों से अपील की गई है कि यदि कोई 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक योजनांतर्गत मोतियाबिंद सर्जरी का लाभ लेना चाहते हैं तो कार्यालयीन दिवस में जिला कार्यालय समाज कल्याण, जिला कबीरधाम में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## मुमुक्षु काजल की दीक्षा पूर्व पंडरिया में 'प्रवज्या प्रयाण पूर्व गृह निवास महोत्सव' का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया



मुमुक्षु सुश्री काजल डाकलिया के दीक्षा ग्रहण से पूर्व पंडरिया नगर में "प्रवज्या प्रयाण पूर्व गृह निवास महोत्सव का भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे नगर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। बड़ी संख्या में समाजजन, श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में शामिल हुए। महोत्सव के दौरान मुमुक्षु काजल डाकलिया का विशेष सम्मान किया गया तथा उनके द्वारा लिए जा रहे वैराग्य और संयम के मार्ग की सराहना की गई। दीक्षा से पूर्व यह कार्यक्रम उनके गृह निवास पर आयोजित किया गया, जहां पारिवारिक एवं सामाजिक स्तर पर धार्मिक अनुष्ठान, मंगलाचरण एवं पूजन सम्पन्न हुए। कार्यक्रम में उपस्थित धर्मावलंबियों ने कहा कि दीक्षा जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण और त्यागपूर्ण निर्णय होता है, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है। मुमुक्षु काजल डाकलिया का यह कदम युवाओं के लिए एक सकारात्मक संदेश है, जो उन्हें आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्यों की ओर अग्रसर करता है। इस अवसर पर भक्ति गीत, प्रवचन एवं धार्मिक आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान नगर में शोभायात्रा एवं स्वागत कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना रहा। परिजनों एवं समाजजनों ने बताया कि दीक्षा ग्रहण से पूर्व इस प्रकार का आयोजन परंपरा का हिस्सा है, जिसमें मुमुक्षु के प्रति सम्मान और शुभकामनाएं व्यक्त की जाती हैं। आगामी दिनों में उनके दीक्षा ग्रहण कार्यक्रम को लेकर भी तैयारियां जोरों पर हैं। इस आयोजन ने न केवल पंडरिया नगर में धार्मिक चेतना को प्रबल किया, बल्कि समाज में संयम, त्याग और आध्यात्मिक जीवन के महत्व को भी उजागर किया।

# हैंडपंप पर कब्जे को लेकर ग्राम भोंदा के ग्रामीणों में आक्रोश



■ ग्रामीणों ने एसडीएम से कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत भोंदा में सार्वजनिक हैंडपंप पर अवैध रूप से बोर पंप लगाए जाने को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में गांव के मोहल्लावासियों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों ने आवेदन में बताया कि दलदली मार्ग स्थित सार्वजनिक हैंडपंप, जो आम उपयोग के लिए स्थापित किया गया था, उसमें मंसाराम पटेल द्वारा निजी बोर पंप लगाकर पानी का उपयोग व्यक्तिगत कार्यों में किया जा रहा है। इससे हैंडपंप का जलस्तर प्रभावित हुआ है और आसपास के लोगों को पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि अन्य लोग जब हैंडपंप से पानी लेने पहुंचते हैं, तो उन्हें रोका जाता है, जिससे विवाद की स्थिति बनती है।

हालात ऐसे हो गए हैं कि मोहल्ले के लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सार्वजनिक हैंडपंप से अवैध रूप से लगाए गए बोर पंप को तत्काल हटाया जाए, ताकि सभी को समान रूप से पानी की सुविधा मिल सके। ज्ञापन में 13 अप्रैल 2026 को ग्रामीणों के हस्ताक्षर भी संलग्न हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कितनी शीघ्र कार्रवाई करता है और प्रभावित ग्रामीणों को राहत मिल पाती है या नहीं।




निर्माण कार्य में लगे विभागीय अधिकारियों व ठेकेदारों से कहा-गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

# सांसद ने तरेगांव जंगल क्षेत्र में बन रही सड़क का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत वनांचल क्षेत्र तरेगांव जंगल में प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत निर्माण हो रहे सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

सांसद संतोष पाण्डेय ने दुर्जनपुर से इंद्रीपानी व तरेगांव जंगल से गुडली तक सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क की गुणवत्ता की जांच की। विभागीय अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कहा कि निर्माण कार्य में अनियमितता व लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सांसद पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इन योजनाओं के तहत हर क्षेत्र का विकास हो रहा है। गांव-गांव में सड़क निर्माण हो रहा है। दुर्गम क्षेत्रों में भी सड़कें बन रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जयराम साहू, मंडल अध्यक्ष मोहन लाल धुर्वे, सांसद प्रतिनिधि नरेश चंद्रवंशी, कांशीराम उइके, रूप सिंह धुर्वे, श्रवणगिरी गोस्वामी, मनोज नायक, टेकराम चंद्रवंशी, सौरभ सिंह, सुनील मानिकपुरी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।




